

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-020 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारत में होने वाली है टेस्ला और स्टारलिंक की एंट्री

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से फोन पर बातचीत की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी ने एलन मस्क से मुलाकात की, जो अमेरिका की उनकी दो दिवसीय यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण मुलाकात थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मोदी की द्विपक्षीय वार्ता से कुछ घंटे पहले ब्लेयर हाउस में हुई इस बैठक में अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित कई विषयों पर चर्चा हुई।

### कुम्हारी में अधेड़ की हत्या

**भिलाई,18 अप्रैल।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के रामपुर चोरहा गांव में आधी रात को एक अधेड़ की चाकू व डंडा मारकर किसी ने हत्या कर दिया। मृतक भागवत मारकंडे पिता इतवारी राम ( 55 वर्ष ) है। घर के



बाहर लहूलुहान हालत में मिले भागवत मारकंडे को परिजनों ने एपेक्स अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक परीक्षण में मौत हो जाने की पुष्टि कर दी। मामले में कुम्हारी पुलिस मृतक के चारों बेटों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है जिस घर में शादी की तैयारी चल रही थी, उसके मुखिया की हत्या हो जाने से वहां मातम पसर गया है। मृतक भागवत मारकंडे की हत्या क्यों और कैसे हुई, इसका पता लगाने कुम्हारी पुलिस लगी हुई है। भागवत मारकंडे के चार में से दूसरे नंबर के बेटे की 19 अप्रैल को शादी तय थी। पूरा परिवार इस शादी को लेकर खुश और उत्साहित था। लेकिन बीते रात लगभग साढ़े 11 बजे भागवत मारकंडे घर के बाहर बुरी तरीके से जख्मी हालत में पड़ा मिला। परिजनों की नजर पड़ी तो भागवत को कुम्हारी के एपेक्स अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने उसकी हो जाने की पुष्टि कर दी। भागवत के गले में किसी तेजधार हथियार से वार किए जाने का निशान पाया गया है।

### जालंधर में सनी देओल पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई,18 अप्रैल।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म ÷जाट÷ को लेकर सुर्खियों में बने हुए है, लेकिन ईसाई समुदाय के लोग फिल्म को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इसी बीच जालंधर के सदर थाना में सनी देओल के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो गई है, सनी के अलावा अन्य पांच लोगों के नाम शामिल है। जालंधर में पुलिस को विक्की गोलडी नामक युवक ने जाट फिल्म की शिकायत देते हुए कहा था कि फिल्म से उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## करप्शन और कांग्रेस एक दूसरे के पर्यायवाची: विष्णुदेव साय

**रायपुर,18 अप्रैल।** नेशनल हेराल्ड मामले में एक तरफ कांग्रेस के नेता ईडी की कार्रवाई पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर भाजपा मामले में जनजागरूकता पैदा करने में जुटी है. इस कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया में पोस्ट के जरिए कांग्रेस और करप्शन को पर्यायवाची बताया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि करप्शन और कांग्रेस, ये पर्यायवाची शब्द जैसे हैं. नेशनल हेराल्ड मामले में भी जिस तरह के संस्थागत घोटाले और धोखाधड़ी किए गए, उसका सच जनता के सामने आ चुका है. मामले में श्रेष्ठ द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया जाना, घोटाले में पूरी तरह से उसकी संलिप्तता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों में जांच एजेंसियों के काम में बाधा डालने की कोशिश या इसके विरुद्ध सड़क पर आना यह साबित करता है कि कोर्ट में इनके पास अपनी सफाई में कहने को कुछ नहीं है. कांग्रेस को यह पता है कि आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य पुख्ता हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांधी परिवार को यह मान लेना चाहिए कि कानून से ऊपर कोई नहीं है. ऐसे मामलों में बचाव की कोशिश कोर्ट में करना चाहिये, न कि सड़क पर. वैसे भी सबको यह पता है कि नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार फिलहाल अभी भी जमानत पर है. उन्हें कानूनी उपचार का सहारा लेना चाहिये. अनावश्यक प्रोपेगेंडा करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है. करप्शन और कांग्रेस, ये पर्यायवाची शब्द जैसे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में भी जिस तरह के संस्थागत घोटाले और धोखाधड़ी किए गए, उसका सच जनता के सामने आ चुका है।



## अनिल टुटेजा के घर सीबीआई की दबिश

रायपुर,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है. दिल्ली से आई सीबीआई की टीम ने टुटेजा के घर पर दबिश दी है. बता दें कि पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को दो दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाले में एक वर्ष से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रहने के आधार पर सशर्त जमानत दी थी. लेकिन केवल ईडी के केस में राहत मिली है. उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू ने भी केस दर्ज किया है, जिसकी वजह से जमानत मिलने के बाद भी वह जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे. अनिल टुटेजा छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपियों में से एक हैं. ईडी के अनुसार, भूपेश बघेल सरकार के समय सरकारी शराब के नाम पर 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाले किया गया है. मामले में अनिल टुटेजा के अलावा आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था.



## कलेक्टर ने दिखाई मानवता बच्ची की बची जान

**सुकमा,18 अप्रैल।** दोरनापाल की एक डेढ़ वर्ष की बच्ची खेलते हुए कैरोसिन पी गई दोरनापाल हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने तत्काल सुकमा रेफर किया.बच्ची के पिता घबराए हुए। मदद को फोन घुमाते रहे अंततः सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को फोन किया गया बताते हैं कलेक्टर ने रात 10 बजे एक रिंग में ही ना सिर्फ़ फोन उठाया बल्कि उस बच्ची को बचाने कलेक्टर ने पहले से ही जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीमों को तैयार कर दिया जैसे ही बच्ची जिला अस्पताल पहुंची डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया और अब कलेक्टर की इस पहल से डेढ़ वर्ष की बच्ची की तबियत में काफ़ी सुधार है। सुकमा जैसे नक्सलवाद की जंजीरों से दशकों तक जकड़े जिले में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को ज़मीन तक पहुँचाने ऐसे ही अधिकारियों की ज़रूरत है। जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सलवाद के खिलाफ अंतिम लड़ाई का निर्णय लिया है तब उन अंदरूनी इलाक़ों के ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ाने IAS देवेश कुमार ध्रुव जैसे अधिकारी का होना भी ज़रूरी है। जो रात में भी लोगों की मदद को एक फ़ोन में तैयार रहते हैं।



## पंगुता की शिकार, गांव की सरकार

रायपुर, 16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

**सरपंच शपथ लेने के बाद भी अधिकारविहीन**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आए परिणाम के अनुरूप निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पद और गोपनीयता की शपथ तो ले ली लेकिन पंचायत सचिवों के आंदोलन पर चले जाने की वजह से ग्राम पंचायतों के सरपंचों को अब तक कार्य भार नहीं मिल पाया है। सारे के सारे सरपंच पंचायत सचिवों के आंदोलन समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं। बड़े उत्साह से बड़ी मेहनत और बड़ा खर्च कर जैसे तैसे चुनाव जीते, निर्धारित तिथि पर मान्य नियमों के तहत पद और गोपनीयता की शपथ ली। कार्यभार संभालते कि पंचायत सचिव आन्दोलन पर चले गए और उन्हें पदभार नहीं मिल पाया है। पंचायत सचिव का पद पंचायत विभाग के अधीन है। विधानसभा चुनाव के समय भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों को शासकीय सेवा में लाए जाने की घोषणा की थी। आंदोलनकारी पंचायत सचिवों का कहना है कि हमारा आंदोलन सरकार को उनकी घोषणा का स्मरण कराने के लिए है। सरकार से हमारा निवेदन हैं कि सवा साल हो गया अब तो जागो सरकार। यह दुर्भाग्यजनक है कि हमारे आंदोलन को एक माह से अधिक हो गया लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई तो दूर कोई पहल तक नहीं की। हमारी मांग पूरी होते तक आंदोलन जारी रहेगा।

पंचायत सचिवों के आंदोलन पर चले जाने से गांव से जुड़े सभी काम ठप पड़े हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि आबकारी विभाग द्वारा प्रस्तावित नई शराब दुकानों के खुलने में भी अड़ंगा है क्योंकि ग्राम पंचायत की अनापत्ति प्रमाणपत्र भी जारी नहीं हो पा रहा है। निर्वाचित सरपंच भी पदभार नहीं मिल पाने की वजह से चुनाव के समय अपने किए वादों के अनुरूप कोई काम नहीं कर पा रहे हैं। पंचायत के कम्प्यूटर आपरेटर, पम्प मेन, सफाई कर्मचारियों के मासिक वेतन का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है और कब तक भुगतान हो पाएगा ? यह बता पाने की स्थिति में भी सरपंच नहीं हैं।

## अब राजधानी पहुंचा 'विदेशी गांजा', तस्कर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,18 अप्रैल।** अब तक छत्तीसगढ़ में ओडिशा से गांजा आ रहा था। अब छत्तीसगढ़ में विदेशी गांजा भी तस्करों ने उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है. ऐसे ही एक तस्कर को रायपुर की टिकरापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाठागांव बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को 15.25 ग्राम विदेशी गांजा और 1 लाख रुपये कीमत के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है. पुलिस सूत्र बताते है कि मुखबिर से सूचना मिली कि तुषाल मूलचंदानी (23 वर्ष, विशाल नगर, तेलीबांधा) नाम का व्यक्ति भाठागांव बस स्टैंड के गेट नंबर 1, धनवंतरी मेडिकल के पीछे शुलभ शौचालय के पास अवैध मादक पदार्थ (विदेशी गांजा) की खरीद-बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. पुलिस टीम घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15.25 ग्राम विदेशी गांजा (ओजी) और आईफोन जब्त किया. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गांजा उसे उसके दोस्त पंकज चावला (दलदल सिवनी, मोवा) ने मुंबई से मंगवाकर दिया था.

## मुठभेड़ में कमजोर पड़े नक्सली भागे

### मौके से 11 लेपटॉप, नगद 6 लाख व अन्य सामग्री बरामद

**नारायणपुर,18 अप्रैल।** जिला नारायणपुर थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कसोड़, कुमुरादी व आसपास के क्षेत्रों में नक्सल संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए कैम्प पदमकोट से डीआरजी नारायणपुर एवं आईटीबीपी 41वीं वाहिनी की संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। सर्चिंग गश्त के दौरान ग्राम कसोड़-कुमुरादी के बीच जंगल पहाड़ी में सुरक्षा बलों का हथियारबंद सीनियर माओवादी कैडरों के साथ 2 से 3 घंटे भीषण मुठभेड़ हुई जिसमें हथियारबंद सीनियर माओवादी कैडर सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख एवं अपने आपको घिरता देख भारी मात्रा में नगदी रकम सहित विस्फोटक सामग्री एवं दैनिक उपयोगी सामग्री छोड़कर जान बचाकर भागे। फायरिंग बंद होने के पश्चात सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र का सघन सर्चिंग किया गया जिसमें घटना स्थल से नगद राशि 6,00000/, लेपटॉप 11 नग, 50 किग्रा बारूद, 30 किग्रा शोरा नामक पदार्थ, 20-20 लीटर पेट्रोल-डीजल, 2 कुकर बम, एसएलआर का जिंदा कारतूस 130 नग, 12बोर का जिंदा कारतूस 25 नग, .303 का जिंदा कारतूस 18 नग, कार्डेक्स वायर 2 बंडल, बिजली वायर 10 बंडल, 1 नग नक्सली वर्दी, विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाईस, दवाईयॉ, टिफिन, नक्सल साहित्य, जूते सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान मिला।



## दिखाते समय धोखे से चली पिस्टल, घायल

दंतेवाड़ा 18 अप्रैल■ तरुण छत्तीसगढ़

नगर के मार्केट में आज सुबह उस समय हलचल मच गई जब एकाएक एक दंतेश्वरी ऑटो पार्टस संचालक के दुकान पर गोली चलने की आवाज लोगों ने सुनी। माजरा समझ में आता इससे पहले आटो पार्टस संचालक के पेट में गोली धंस चुकी थी और वह बेसुध गिर गिर पड़े थे। घायल ऑटो पार्टस संचालक को फौरन जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को भी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम पुरे मामले की जांच में जुट गई है। घायल ऑटो पार्टस संचालक को प्राथमिकी ट्रीटमेंट के बाद बेहतर ईलाज के लिए मेडिकल कालेज जगदलपुर रेफर कर दिया गया है। दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली प्रभारी धनंजय सिन्हा ने जानकारी देते तरूण छत्तीसगढ़ को बताया कि घटना आज सुबह 9.15 बजे की है। राजीव भवन कापलेक्स में स्थित माजीसा हार्डवेयर के संचालक देवकरण बुरड़ अपने लाईसेंसी पिस्टल की सफाई के लिए पास में ही स्थित दंतेश्वरी ऑटो पार्टस की दुकान पर तेल लेने गया था इसी दौरान अपनी लोडेड पिस्टल को ऑटो पार्टस के संचालक प्रमोद तोमर को दिखाने लगा। पिस्टल दिखाते वक्त ही अचानक से पिस्टल चल गया और एक तेज आवाज के साथ पिस्टल से निकली गोली सीधे प्रमोद तोमर के दाहिने पेट की तरफ जा लगी। गोली लगते ही श्री तोमर दर्द से कराहते हुए वहीं जमीन पर गिर पड़े। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी सूचना फोन कर कोतवाली पुलिस में दी गई । पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद घायल तोमर को फौरन जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उनका प्राथमिकी उपचार करने के बाद अत्यधिक खून का स्राव हो जाने से बेहतर उपचार के लिए उहें मेकाज रेफर किया गया है।



कोतवाली प्रभारी श्री सिन्हा ने बताया कि प्रथम दृष्टया पिस्टल दिखाते वक्त गोली चलने का मामला दिखाई पड़ रहा है। मामले की सघन जांच की जा रही है। पिस्टल लाईसेंसधारी से पुछताछ की जाएगी। मौके पर मौजूद प्रयक्षदर्शियों का भी कथन लिया जाएगा। आसपास लगे सीसी कैमरे को भी देखा जाएगा। जिसके बाद ही मामले में आगे की कारवाई की जाएगी। बहरहाल शुक्र है कि गोली पेट के साईड में लगी है जिसके वजह से जान बच गई अयथा गोली किसी और जगह पर लगी होती तो मामला गंभीर रूप ले सकता था

## 40 लाख के इनामी नक्सलियों ने छोड़ा आतंक का रास्ता

### दंपत्ति सहित 22 माओवादियों ने किया समर्पण

**सुकमा,18 अप्रैल।** एक नक्सली दंपति सहित 22 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष किया पुनर्वास के तहत मुख्यधारा मे प्रवेश। नक्सली मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत 22 नक्सलियों ने पुनर्वास के तहत संविधान के प्रति अपनी आस्था जताकर आतंक के रास्ते से तौबा की । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सली मुक्त ग्राम को एक करोड़ प्रोत्साहन की है योजना। बीते दिनों सुकमा प्रवास के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा ने अंदरूनी गाँव के सरपंचों से बैठक का दिया था नक्सलमुक्त पंचायत अभियान का प्रस्ताव जिसमें आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास के तहत मुख्यधारा से जुड़ने अभियान का हिस्सा बनने का सरपंचों को रखा था प्रस्ताव। पुनर्वासित नक्सलियों में कुल 40 लाख के इनामी नक्सली शामिल, आत्मसमर्पण किए पुनर्वासित नक्सली मुख्यधारा से जुड़ने से पहले कई घटनाओं में रह चुके हैं शामिल।



## वन मंत्री के गृह क्षेत्र में प्रस्तावित चिड़ियाघर का विरोध

### ग्रामीणों का आरोप- चिड़ियाघर के नाम पर पुनर्वास की जमीन छीन रहे

**जगदलपुर,18 अप्रैल।** वन मंत्री केदार कश्यप के गृह क्षेत्र भानपुरी में प्रस्तावित चिड़ियाघर का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं. सालेमेटा, खड़गा, छुरावण्ड, जामगांव और कमेला पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों का आरोप है कि पहले उन्हें कोसारटेडा बांध के चलते विस्थापित किया गया था, और अब चिड़ियाघर के नाम पर उनकी पुनर्वास की गई जमीन भी छीनी जा रही है.

ग्रामीणों ने राज्यपाल के नाम बस्तर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए परियोजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की. ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि खेती ही इन परिवारों की आजीविका का मुख्य स्रोत है, और सरकार रोजगार के नाम पर उन्हें गुमराह कर रही है. विवाद के बीच जिला प्रशासन ने मामले की जांच की बात कही है. इधर सरकार कोसारटेडा क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना के तहत रिसॉर्ट और चिड़ियाघर बनाने का प्रयास कर रही है, लेकिन ग्रामीण इसे अपनी आजीविका पर खतरा मान रहे हैं.



## मंत्री के दौरे के दौरान गायब डीपीओ निलंबित

**बालोद,18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में मंत्री के प्रवास के दौरान गायब रहना डीपीओ को भारी पड़ गया. गंभीर अनियमितताओं और कर्तव्य में लापरवाही के चलते जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है. इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आदेश भी जारी किया गया है. दरअसल, दो दिन पूर्व महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बालोद जिले पहुंची थी. निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति जिला मुख्यालय से गायब था. निरीक्षण में यह भी सामने आया कि आंगनवाड़ी केंद्र पाररास (इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 18/1) में उपस्थिति वास्तविक से अधिक दर्ज की गई थी. पोषण ट्रैकर ऐप में टी.एच.आर. की प्रविष्टि अधूरी पाई गई और रिकॉर्ड अद्यतन नहीं थे. साथ ही, सखी वन स्टॉप सेंटर की सक्रियता नहीं दिखी तथा करकाभांठ आंगनवाड़ी केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब पाई गई. किशन टंडन क्रांति द्वारा अपने काम में लापरवाही और जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करने की वजह से उन पर सरकारी नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगा है. इसी के चलते छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें तुरंत प्रभाव से सस्पेंड (निलंबित) कर दिया है.

## पं.बंगाल हिंसा पर ज्ञान दे रहे बांग्लादेश को भारत की फटकार

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश को फटकार लगाते हुए कहा है कि पड़ोसी देश को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए जहां जघन्य अपराधों के दोषी आजाद घूम रहे हैं। बता दें कि बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के विरोध में हुई हिंसक झड़पों ने राज्य में तनाव बढ़ा दिया है। इन प्रदर्शनों के दौरान कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हिंसा के बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए तैनात किया गया है। इस बीच, बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर की गई टिप्पणियों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। बांग्लादेश ने भारतीय अधिकारियों से अशांति से प्रभावित अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदायों की रक्षा करने का आह्वान किया था। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि अंतरिम सरकार ने इस घटना में बांग्लादेश को शामिल करने के भारत के प्रयासों का ÷कड़ा विरोध किया है। उन्होंने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हम मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा में बांग्लादेश को शामिल करने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से खंडन करते हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷हम भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की पूरी तरह से सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आग्रह करते हैं। अब पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर बांग्लादेश के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर बांग्लादेश की टिप्पणियों को पूरी तरह खारिज करते हैं। यह भारत की उस चिंता के साथ तुलना करने की एक छिपी और गलत कोशिश है, जो बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर है। बांग्लादेश में इस तरह के कृत्यों के अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। बांग्लादेश को अनावश्यक टिप्पणियां करने और नैतिकता का प्रदर्शन करने के बजाय अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान देना चाहिए। पुलिस के अनुसार, मुर्शिदाबाद के सुति, धूलियान और जंगीपुर जैसे क्षेत्रों में 11 और 12 अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गए। प्रदर्शनकारियों ने दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की, जिसके परिणामस्वरूप संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। पश्चिम बंगाल पुलिस ने हिंसा में शामिल दो भाइयों को गिरफ्तार किया है, जिन पर एक पिता-पुत्र की जोड़ी की हत्या का आरोप है। खुफिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि हिंसा में बांग्लादेश स्थित कट्टरपंथी संगठनों जैसे जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम की संलिप्तता थी, जिन्हें स्थानीय राजनीतिक नेताओं का समर्थन प्राप्त था। पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने कहा कि अफवाहों ने हिंसा को भड़काने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस किसी भी तरह की अशांति को बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में CAPF की तैनाती का आदेश दिया है .

## भारत के आगे झुका चीन, सारी शर्तें मानकर करेगा काम

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** अमेरिका और चीन के बीछ छिड़े टैरिफ विवाद को लेकर मामला अब इतना आगे बढ़ चला है कि चीन अब नए विकल्पों की ओर देखने लगा है। इन विकल्पों में चीन के सामने एक पसंदीदा नाम हमेशा की तरह से भारत सामने आया है। इसके पीछे के कई कारण हैं। हाल के दिनों में भारत और चीन के रिश्तों में गलवान घाटी झड़प के बाद से सुधार देखने को मिल रहा है। चीन पहले के मुकाबले भारत के साथ ज्यादा अकड़ की जगह भारत के साथ प्रेम भाईचारा और दोस्ती के हवाले देकर बात आगे बढ़ाना चाहता है। वहीं दूसरी तरफ भारत के साथ उसका बढ़ता ट्रेड डिफेसिट घाटा भी उसे परेशान कर रहा है कि कहीं भारत कहीं चीन के इस षड़यंत्र से आगे न निकल जाए। इन सब के बीच चीन भारत में निवेश करने के लिए अपनी आतुरता दिखा रहा है। इसके पीछे का एक और बड़ा खेल है। चीन के निवेश को भारत संयमित रखना चाहता है। वहीं चीन चाहता है कि भारत एक बड़ा बाजार है और वो अपने व्यापार का विस्तार भारत में कर सकता है। यही वजह है कि अब चीन की कई कंपनियां भारत में पहले के मुकाबले ज्यादा लचीला रवैया अपनाने को तैयार नजर आ रही हैं। शंघाई हाईली चीन की बहुत बड़ी कंप्रेसर बनाने वाली कंपनी है। इस कंपनी ने टाटा के मालिकाना हक वाली वोल्टास के साथ फिर से ज्वाइंट वेंचर की बातचीत शुरू कर दी है। दो साल पहले इन दोनों कंपनियों का एक ज्वाइंट वेंचर बनने वाला था, जिसमें चीनी कंपनी की हिस्सेदारी 60 त्न थी। लेकिन सरकार ने मंजूरी नहीं दी। लेकिन अब शंघाई हाइले अब माइनॉरिटी हिस्सेदारी रखने को तैयार है। जो पहले बिल्कुल मानने के लिए तैयार नहीं थी। चीन पर भी दबाव है इस बात को समझते हुए चीन भारत के लिए लचिला रुख अख्तियार कर रहा है। केवल यही कंपनी नहीं इसके अलावा हायर भी उनमें से एक है। हायर चीन की बड़ी कंपनी है और वो पहले भारत में अपना 26 फीसदी हिस्सा किसी भारतीय कंपनी को बेचने की योजना बना रही थी। अब खबर है कि हायर अपने बिजनेस का 51 से 55 प्रतिशथ हिस्सा बेचने को तैयार है ताकी वो भारत में बना रह सके और निवेश बढ़ा सके। यानी चीनी कंपनियां भारत की शर्तों को मानने को राजी दिखाई पड़ रही हैं। चाहे वो माइनॉरिटी स्टेक हो या टेक्नोलॉजी शेयर करना हो। भारतीय बाजार के एक्सपर्ट्स मानते हैं कि दरअसल, चीन पर बढ़ता दबाव और भारत की सजकता चीन को परेशान कर रही है। जिस तरह से भारत और के बीच में ट्रेड डिफेसिट बढ़ रहा है उसे लेकर वाकई में भारत इस मंथन पर जुटा है कि कैसे वो अपनी चीन पर निर्भरता कम कर सके।



CMYK

एक नजर



### गांजा बेच रहे दो कोचिए गिरफ्तार

भिलाई, 18 अप्रैल। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के डैम के पास इमली पेड़ के नीचे गांजा बेच रहे दो कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दोनों आरोपितों से कुल 15 किलो 526 ग्राम गांजा एक कार और एक स्कूटी जब्त किया गया है दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है नेवई पुलिस ने बताया कि नेवई डैम के पास इमली पेड़ के नीचे गांजा बेच रहे आरोपित मैत्री नगर रिसाली निवासी 45 वर्षीय मुकेश मोदी और तिरंगा चौक बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा निवासी 45 वर्षीय राजकुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है आरोपित मुकेश से 13 किलो 345 ग्राम गांजा और एक कार जब्त की गई है। वहीं आरोपित राजकुमार से दो किलो 172 ग्राम गांजा और एक स्कूटी जब्त की गई है। पूछताछ में आरोपितों ने नेवई डैम के पास नशेड़ियों को गांजा बेचने की बात स्वीकार की ।

### सिपाहियों से मारपीट,5 गिरफ्तार



भिलाई, 18 अप्रैल। भिलाई कोहका निवासी पांच आरोपितों ने बुधवार की रात अंजोरा चौकी परिसर में घुसकर दो सिपाहियों से मारपीट की। आरोपित दो गाड़ी में सवार थे और रात में, खाना खाकर वापस भिलाई लौट रहे थे आरोपित वाहन को रांग साइड से चला रहे थे इसी दौरान रात में एक सिपाही ड्यूटी पर जा रहा था आरोपितों ने उसे कट मारा सिपाही ने उन्हें कट मारने पर रुकवाया तो आरोपितों ने उससे मारपीट शुरू कर दी सिपाही दौड़कर पुलिस चौकी परिसर में गया तो आरोपित भी पीछे पीछे वहां पहुंच गए और वहां पर भी मारपीट की बीच बचाव करने आए एक अन्य सिपाही को भी आरोपितों ने पीटा इसके बाद सभी फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की और गुरवार की भोर तक सभी को गिरफ्तार कर लिया अंजोरा चौकी में पदस्थ सिपाही हिरेंद्र निषाद की रिपोर्ट पर कोहका निवासी आरोपित यशराज सिंह रंधावा, सृजल सोनी उर्फ पुनीत, जशकरण सिंह, जसराज सिंह और अनुराग तिवारी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवक से मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। पांचों आरोपित रात में दो कार से खाना खाने के लिए अंजोरा के खरा ढाबा गए थे ।

### बारातियों पर हमला,रिपोर्ट दर्ज

भिलाई, 18 अप्रैल। भिलाई ग्राम सिरसा में आए बारातियों पर कुछ लोगों ने डंडे से जानलेवा हमला किया है घटना में छह लोग घायल है इसमें दो की हालत गंभीर है शिकायत पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बुधवार को आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि घटना 14 अप्रैल की रात की है। ग्राम अंजोरा ढाबा थाना बोरी निवासी शिकायतकर्ता लिलेश कुमार साहू अपने भाई तरुण साहू और गांव के अन्य लोगों के साथ बहन के देवर नीरज साहू की बरात में ग्राम सिरसा में श्रवण साहू के घर पर आए थे रात में खाना खाने के बाद शिकायतकर्ता, उसका भाई तरुण, नीरजू, पंकज सिन्हा, रूपेश साहू, चुनेश्वर साहू, रघुनाथ साहू, झलेंद्र साहू और गांव के अन्य लोग गांव के राम मंदिर के पास गए। वहां पर आरोपित राजकुमार निषाद, समित निषाद और अन्य लोग भी पहुंचे और सभी ने बारातियों पर,सार्वजनिक रूप से गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए डंडे से हमला कर दिया। घटना में तरुण निषाद, पंकज सिन्हा, रूपेश साहू, चुनेश्वर साहू, रघुनाथ साहू और झलेंद्र साहू को चोट लगी है। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर तरुण साहू और पंकज सिन्हा की हालत गंभीर है पुलिस ने लिलेश कुमार साहू की रिपोर्ट पर आरोपित राजकुमार, समित और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सिम दूसरे को बेच दिया,जुर्म दर्ज

भिलाई, 18 अप्रैल। भिलाई प्रार्थी के आधार कार्ड व बायोमेट्रिक लेने के बाद तकनीकी समस्या बताकर सिम दूसरे को बेच दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 419ए 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि गोटेमुखखला रवि ;38 वर्षद्ध निवासी सड़क 59 सेक्टर 6 श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में रिकॉर्ड असिस्टेंट का काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 मार्च 2024 को सेक्टर 6 सड़क 55 के पास मे छतरी लगाकर सिम बेचने वाली लड़की के पास सिम लेने गया था। सिम बेचने वाली निशा शेण्डे निवासी खुर्सीपार को प्रार्थी ने 1 सिम लेने के लिए अपना आधार कार्ड दिया। निशा शेण्डे ने प्रार्थी का लाइव फ़ेटो लिया और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया किंतु निशा शेण्डे ने टेक्निकल इशू है कहकर प्रार्थी को कोई भी सिम नहीं दिया। साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम से प्रार्थी को पता चला कि उसके आधार कार्ड और फ़ेटो का उपयोग कर एयरटेल कंपनी का सिम नंबर जारी हुआ है जबकि इस नंबर का सिम प्रार्थी ने नहीं खरीदा था।

### बापू के अवतरण दिवस पर भव्य संकीर्तन यात्रा एवं भंडारा 19 को

राजनांदगांव, 18 अप्रैल। श्रीयोग वेदांत सेवा समिति राजनांदगाँव के द्वारा आगामी 19 अप्रैल शनिवार को संत श्री आशारामजी बापू का 89 वां अवतरण दिवस अर्थात जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा । मोहारा स्थित संत आशारामजी आश्रम में सुबह 10 बजे से सत्संग, भजन, कीर्तन, पाठ, हवन एवं भोजन भंडारा किये जायेंगे तत्पश्चात दोपहर 3 बजे आश्रम से हरिनाम कीर्तन यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरुनानक चौक पर समापन होगी ।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बापूजी के अवतरण दिवस के पहले सप्ताह को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते है । अलग-अलग क्षेत्रो में विभिन्न सेवाकार्य किये जाते है जैसे डोंगरगढ़, डोंगरगांव, चौकी, छुरिया, खैरागढ़ में भव्य रूप से छाछ एवं शरबत वितरण किया गया इसी तरह मोहला व गंडई में गरीबो में वस्त्र व चप्पल वितरण कर दरिद्रनारायणो की सेवा की गई ।

# महापौर परिषद की बैठक लिए गए अनेक निर्णय

## पीडीएस भवन से की गई अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 अप्रैल। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पंजीयन क्रं. 1973 वार्ड 33 बैकुण्ठधाम में संचालित हो रही थी। शासन द्वारा संचालन हेतु पी.डी.एस. के 2 भवन बनाये गये थे। जिसमें से 1 भवन को स्टील नगर महिला स्व सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मुल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। प्राप्त शिकायत के अनुसार पी.डी.एस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा द्वारा अवैध कब्जा करके वहां से टेन्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन अपने दल के साथ जब मौके पर निरीक्षण करने पहुचे तो शिकायत सही पाया। सामने से पता नहीं चल रहा था, पिछे के रास्ते से व्यापार किया जा रहा था। सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग व्यक्ति निकला, उसके द्वारा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए उससे 2000 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। वहां पर टेंट हाउस के सामग्री, बॉस बल्ली, फर्नीचर, बर्तन इत्यादि थे, भवन के अंदर से खाली कराया गया। स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में पंचनामा बनवाया गया। जिसमें उसने स्वीकार किया कि गलती हो गई अब मैं दुबारा शासकीय भवन का उपयोग नहीं करूगां कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, दिनेश बेलचंदन, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ती गर्मी को देखते अब संपत्ति कर सुबह 8 बजे से कर सकते हैं जमा



भिलाई, 18 अप्रैल। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम भिलाई के कैश काउंटर आज सुबह 8 बजे से संचालित हो रहे हैं। छुट्टी के दिन भी संपत्ति कर, भू-भाटक, जलकर इत्यादि शुल्क जमा कर सकते हैं। निगम भिलाई का संपत्तिकर काउंटर सुबह 8 से साम 5 बजे तक खुले रहेंगे । वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्तिकर जमा करने वालो को 6.25 प्रतिशत का छूट मिल रहा है। इसके साथ ही शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के संपत्तिकरदाताओं को माह अप्रेल तक अपने बकाया संपत्तिकर जमा करने विशेष राहत प्रदान किया है। निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव, लोकसभा चुनाव आदि के कारण कार्यालयीन समय कम मिला है। कर्मचारियो की डयूटी ज्यादातर शासकीय कार्यो में लगी रही, लोग संपत्ति कर नहीं जमा कर पाए थे। उनके सुविधा के लिए शासन द्वारा अप्रैल माह तक के लिए वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर पर 18 प्रतिशत अधिभार और 1000 पेनल्टी शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया गया है, इसी के परिपालन में कार्य किया जा रहा है। नागरिको की मांग थी कि गर्मी बहुत पड़ रही है और छुटटी के दिनों में बहुत सारे काम रहते है। इसको ध्यान में रखते हुए निगम भिलाई द्वारा संपत्तिकर जमा करने के लिए सुबह संपत्तिकर का काउंटर खोल दे, तो हमे बहुत सुविधा मिलेगी। जिससे हम सुबह-सुबह संपत्तिकर जमा करके घर के अन्य काम भी कर सके। नागरिको के मांग पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी को निर्देशित किए है कि संपत्तिकर के काउंटर सुबह 8 से साम 5 बजे तक खुला रखें। जिससे नागरिको को घूप में, घर से बाहर निकलने एवं गर्मी से राहत मिलेगी। इसके साथ ही संपत्तिकर वसूली एजेंसी के कर्मचारी भी डोर-टू-डोर नागरिको के घर पर जाकर संपत्तिकर जमा करने में सहयोग कर रहे है। नागरिक घर पर बैठे-बैठे अपना संपत्तिकर एजेंसी के कर्मचारी को देकर उनसे जमा राशि का रसीद भी प्राप्त कर सकते हैं।

### कैदी की इलाज के दौरान मौत

दुर्ग, 18 अप्रैल। दुर्ग धारा 302 के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई है पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि हत्या के एक मामले में कैदी को खैरागढ़ कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी पिछले 10 साल से वह दुर्ग केंद्रीय जेल में बंद था कई दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया

## अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने चौपाटी निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और तारीफ की



कवर्धा, 18 अप्रैल। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश ओर सभापति रिकेश ने चौपाटी निर्माण कार्य को देखा और पेवर ब्लॉक की गुणवत्ता की तारीफ करते हुए अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पर फोकस रहेगा और 1 जुलाई से पहले चौपाटी का निर्माण हो जाएगा । सभापति रिकेश वैष्णव ने बताया की अध्यक्ष चंद्रप्रकाश के मार्गदर्शन में सुबह से वार्डो की स्वच्छता और विकास कार्य पर नियमित ध्यान दिया जा रहा है । खास बात की चर्चा कवर्धा शहर में शुरू हो गई है की सुबह से ही नियमित नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी वार्डो में दौरा कर सफाई और विकास की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है और पीएम नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास कर रहे है और नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने कहा की सभी लोगों से मेरी विनम्र अपील है की नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहे और शिक्षा ओर स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहे ।

## यूथ सिख सेवा समिति के रक्तदान एवं नेत्र परीक्षण शिविर में संगत ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा



भिलाई, 18 अप्रैल । यूथ सिख सेवा समिति और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के सहयोग से बेबे नानकी गुरुद्वारा मैं बेबे नानकी जी के प्रकाश पर्व पर विशाल रक्तदान शिविर और नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें सभी सात संगत ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई से गुरनाम सिंह ने बताया कि भिलाई के सभी गुरुद्वारा साहिब मैं छत्तीसगढ़ सिख पंचायत और यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर लगाते आ रहे है ।

बेबे नानकी गुरुद्वारा साहिब खुर्सीपार में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई का सम्मान हुआ । यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह की माता जी कुलवंत कौर का गुरुद्वारा कमिटी के तरफ से सरोपा और स्मृति चिन्ह देकर सभी संगत के सामने सम्मान किया गया । बहुत कम समय में यूथ सिख सेवा समिति द्वारा भिलाई में रहने वाले सिख परिवार के लिए जो कार्य किया जा रहा है वो एक सराहनीय कार्य है यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की टीम का हर एक मेंबर अपनी तरफ से समिति के उद्देश्य को निस्वार्थ भावना से हर कार्य को बखूबी से करते आ रहे है इसीलिए समिति के कार्यों की सराहना हर तरफ हो रही है समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने बताया है भिलाई मैं रहने वाला हर एक सिख परिवार मेरा परिवार है और उनके लिए जो भी बन पाएगा मे और यूथ सिख सेवा समिति भिलाई हर संभव मदद करेगी और अभी भी 24 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से करते आ रही है ।

### सभी विकासखंडों में हैंडपंप संधारण पर विशेष ध्यान , जल संरक्षण बहुत जरूरी:राजपूत

कवर्धा, 18 अप्रैल। सभी विकासखंडों में सुबह से देर म तक हैंडपंप संधारण गाड़ी जा रही है और नियमित पच्चीस से अधिक हैंडपंप का संधारण जारी है और अच्छे से शुद्ध जल मिलने पर खुशी ग्रामीणों में देखी जा रही है । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत ने बताया की जल शुद्धता पर विशेष फोकस रखा जाता है और वर्तमान में हैंड पंप संधारण पर



हमेशा ध्यान दिया जा रही है । वाटर लेवल में कमी आ रही है जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की पी एच ई विभाग के अधिकारी कर्मचारी गंभीरता से ध्यान दे रहे है जिससे की लोगों को शुद्ध जल मिले । लोगी से भी विनम्र अपील है की पानी का प्रयोग इतना ही करे जितना जरूरी हो ओर पानी को बचाए साथ ही मोटर पंप से पानी भरने के बाद समय पर पानी बंद कर दे और मोटर पंप को चलता ना छोड़े और ऐसी फसल खेतों में लगाए जिसमें पानी का कम इस्तेमाल हो ।

## केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में दीपक कुमार बने अपर महानिदेशक

भिलाई, 18 अप्रैल । छत्तीसगढ़ राजिम के मूल निवासी दीपक कुमार शर्मा, को हाल ही में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवम राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार में अपर महानिदेशक के पद पर पदस्थ किया गया है 7 इस पद तक पहुँचने वाले श्री दीपक शर्मा छत्तीसगढ़ के प्रथम अधिकारी हैं। मूलतः पितईबंद, राजिम, जिला गरियाबंद के निवासी दीपक शर्मा स्वर्गीय रामानुज शर्मा एवं श्रीमती मनोरमा शर्मा के पुत्र हैं। शर्मा ने अपनी स्कूली शिक्षा नवापारा राजिम तथा सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा स्नातकोत्तर की पढाई शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर (वर्तमान में एन आइ टी रायपुर) से पूरी की हैं। सन 1992 में श्री दीपक कुमार शर्मा का चयन भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आई ई एस) मे हुआ जिसके बाद से उनकी पदस्थापना दिल्ली, दुर्ग, गांधीनगर, जयपुर, भोपाल तथा देहरादून में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवम राजमार्ग मंत्रालय तथा एन एच ए आई के महत्वपूर्ण पदों पर रही है। छत्तीसगढ में एन एच ए आई के परियोजना निदेशक पद पर रहते हुए दुर्ग के प्रथम बायपास का निर्माण सन 2000 में उनके मार्गदर्शन में नियत समय से पूर्व पूरा हुआ था। दीपक शर्मा ने भारत सरकार के गुजरात राज्य के क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्य करते हुए



गुजरात में दांडी हेरिटेज राजमार्ग व सोमनाथ - द्वारिका सड़क निर्माण, सरखेज - गांधीनगर के चार तथा छः लेन सहित अनेक फ्लाई ओवर के कार्य को सुगमता पूर्वक संपन्न कराया। श्री शर्मा के राजस्थान राज्य के क्षेत्रीय अधिकारी की पदस्थापना के दौरान उनके निर्देशन में हुए कोटा- दरा चार लेन, दो लेन - बीकानेर -सूरतगढ- श्रीगंगानगर, प्रतापगढ- बांसवाडा ( विश्व बैंक लोन) की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्यान्वयन हुआ । केन्द्रीय सड़क परिवहन एवम राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली में एन एच ए आई के उत्तर- दक्षिण गलियारा के आगरा-ग्वालियर -ललितपुर-झांसी-सागर लखनादोन-नागपुर के चार लेन सड़क तथा नागालैंड, मणिपुर , मिजोरम की सड़कों की योजना बनाने एवं कार्यान्वयन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। दीपक शर्मा ने मध्य प्रदेश राज्य के मुख्य अभियंता सह क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर राज्य की अनेक सड़क परियोजनाओं के योजना और क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाई जिससे प्रदेश में सड़क यातायात की सुगमता बेहतर हुई उनके कार्यकाल में प्रमुख रूप से भोपाल - जबलपुर चार लेन सडक , मनगवा- चाकघाट तथा सतना-बेला चार लेन सड़क, दो लेन खजुराहो-बमीठा-सतना की सड़क परियोजनाओं का कार्य शामिल हैं। श्री शर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य में नवाचार के अंतर्गत अनेक शहरों तथा कसबों के अन्दर की सडकों में पतली व्हाइट टापिंग कार्य भी कराया गया । दीपक शर्मा के उत्तराखंड राज्य के मुख्य अभियंता सह क्षेत्रीय अधिकारी के कार्यकाल में प्रतिष्ठित चारधाम सडक परियोजना जिसकी स्वीकृत लम्बाई 825 किमी है मे से 621 किमी का निर्माण पूरा हुआ 7 उन्होंने अपनी विशेष पहल से पहाड़ी सड़कों में 250 से अधिक भूस्खलन स्थलों पर आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उपचार कार्यो को प्रारंभ कराया है । श्री शर्मा ने पहाड़ी क्षेत्रों हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गठित कमेटियों से प्रोजेक्ट्स को क्लीयरेंस जून 2024 में दिलाने में योगदान दिया । दीपक शर्मा ने माउंट कैलाश दर्शन हेतु टनकपुर-लिपुलेख राजमार्ग सड़क के निर्माण एवम चीन की सीमा तक बद्रीनाथ- माणा पास एवम जोशीमठ- मलारी राजमार्ग के निर्माण हेतु उल्लेक्नीय योगदान दिया। श्री शर्मा की उत्तराखंड पदस्थापना के दौरान हुए सिलक्यारा टनल आपदा के वक्त 41 मजदूरों के निकालने हेतू केन्द्र सरकार के गठित टास्क फोर्स में सदस्य रहते हुए सक्रिय योगदान दिया तथा पिछले वर्ष मॉनसून 2024 की अवधि में सोनप्रयाग-गौरीकुंड-केदारनाथ ट्रैक में बादल फटने के बाद सड़कों के बाधित आवागमन को शीघ्रतापूर्वक अनुकूल तथा सुरक्षित बनाने में योगदान दिया। दीपक कुमार शर्मा ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं के अध्ययन हेतु जापान सहित अनेक देशों की यात्रा और अध्ययन किया हैं। उन्होंने म्यानामर में भारत के सहयोग से बन रही सड़कों के निरिक्षण हेतु भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया है।

### बिजनेसमैन आनंद चंद्रवंशी ने जल संरक्षण का संदेश दिया

कवर्धा, 18 अप्रैल। भीषण गर्मी की चिंता करते हुए बिजनेसमैन आनंद चंद्रवंशी ने कहा की गांवों में पानी के स्तर में गिरावट आ रही है



इसलिए सभी लोगों को जल संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए । जितना जरूरी हो उतना ही पानी का इस्तेमाल करे और पानी के महत्व को समझे । पानी का इस्तेमाल करने के बाद मोटर पंप बंद कर दे । पौधे में पानी अवश्य डाले और पक्षियों ओर जानवरों के लिए भी पानी को बर्तन में बाहर रखे जिससे उन्हें भी पानी मिले । धूप में कम बाहर निकले और बहुत जरूरी हो तो स्कार्फ या गमछा चेहरे और सिर को बांधकर निकले साथ ही खूब पानी पीए । लू से बचाव के प्रति सतर्क रहे । दही या शीतल पेय पीते हुए यात्रा करे ।

# स्वच्छ भारत अभियान के चलते सभी के सहयोग से अम्बागढ़ चौकी बनेगा क्लीन सिटी:अनिल मानिकपुरी



अंबागढ़ चौकी, 18 अप्रैल। न वी न जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी को इंदौर शहर की तरह स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा। देश के नंबर वन क्लीन सिटी इंदौर में स्वच्छता का सबक सीखने गई निकाय का अध्यन दल इंदौर से लौटने के बाद नगर को साफ सफाई के मामले में बेहतर करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में निकाय का सात सदस्यीय अध्यन दल एक सप्ताह तक देश के नंबर वन क्नीन सिटी इंदौर के भ्रमण में था। इस अध्यन दल ने एक सप्ताह इंदौर में ठहरकर वंहा की साफ सफाई, कचरा निष्पादन एवं गीले व सूखे कचरे से निगम की आय बढाने के लिए किए गए प्रावधानो की बारिकी से अध्यन किया। निकाय के सात सदस्यीय अध्यन दल में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के अलावा निकाय के उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता एवं पार्शद दिलीप कुंभकार, मुकेश सिन्हा एवं सफाई दरोगा लोकेश सलामे व रामसाय पटेल शामिल थे।

### स्वच्छता के लिए सबसे पहले जागरूकता अभियान

नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सबसे पहले हर वार्डो में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत नगर के सार्वजनीक स्थल, चौराहा, मुख्य मार्ग एवं नुक्कडो में सामुदायिक सहयोग से श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद स्कूली बच्चो व महिला समूहो को साथ लेकर नगर में स्वच्छता रैलिया एवं अन्य माध्यमो से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जागरूकता के लिए वार्डो में महिला समूहो व महिला मंडलियो के साथ बैठक कर इस मुहिम में हर वर्ग को शामिल किया जाएगा।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगेगा प्रतिबंध

संपूर्ण स्वच्छता के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन व अगुवाई में नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके लिए पहले नगर के सभी तरह के स्थानीय व्यापारियो के साथ बैठके की जाएगी। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर इंदौर षहर की तरह नागरिको को झोला रखने को प्रेरित किया जाएगा। निकाय द्वारा भी नगर के हर वार्डो में वार्ड पार्षद के माध्यम से झोला वितरण कराया जागए। इस कार्य के लिए महिला समूह को रोजगार उपलब्ध कराते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए उनका साथ लिया जाएगा।

### फिर बंटेगा घर घर डस्टबिन

नगर को क्लीन सिटी बनाने के लिए एक बार फिर पार्षद निधि एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के माध्यम से डोर टू डोर गीला व सूखा कचरा कलेक्शन के लिए डस्टबीन का वितरण किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की संपूर्ण स्वच्छता के लिए कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ही सबसे पहले डस्टबीन व थैला का वितरण किया जाएगा। इसके बाद निकाय स्तर पर सफाई से जुडी अन्य व्यवस्थाए लागू की जाएगी।

### महापौर सचिवालय ने किया स्वागत

स्वच्छता का पाठ पढने देष के नंबर वन क्लिन सिटी इंदौर गई स्वच्छता दल का स्वागत इंदौर के महापौर सचिवालय द्वारा किया गया। इंदौर के महापौर पुष्पमित्र भार्गव द्वारा नगर पंचायत जैसे छोटे से निकाय से आए पार्षदों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह एवं इंदौर निकाय द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए निकाले जा रहे साहित्य एवं इंदौरी थैला भेट किया। महापौर श्री भार्गव ने इंदौर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम की जानकारी दी एवं अध्यन दल को इंदौर नगर निगम क्षेत्र में अध्यन व भ्रमण के लिए सभी तरह का सहयोग प्रदान करते हुए अपने कर्मचारियो की टीम भी प्रदान की। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अध्यनदल को दिए गए सहयोग के लिए महापौर व निगम प्रशासन का आभार ज्ञापित किया।

### सेक्टर के बाजारों के उन्नयन का कार्य करेगा नगर सेवाएं विभाग

भिलाई, 18 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग ने सेक्टर-10 और सेक्टर-6 के बाज़ारों के उन्नयन की दिशा में कार्य प्रारंभ किया है। टीएसडी के सिविल विभाग द्वारा इन दिनों टाउनशिप की नालियों का रखरखाव व मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार नई नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। नाली निर्माण के लिए नई पाइपलाइन डालने तथा सड़क की मरम्मत का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। इसी तरह सेक्टर-6 में भी बाजार के चारों ओर की नालियों की मरम्मत और साफ-सफाई भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। वित्त वर्ष 2024-25 में इस्पात नगरी के जनसामान्य के आवागमन को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हेतु नगर सेवाएं विभाग द्वारा पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, चौराहों का उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य वृहद पैमाने पर किया गया है। सड़कों के चौड़ीकरण से नगर में जहां आवागमन सहज व अधिक सुविधाजनक होगा वहीं दूसरी ओर खराब सड़कों के कारण संभावित दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। रूआबांधा के निकट पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाईओवर तक की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तीव्रता से प्रगति पर है वहीं नगर सेवाएं विभाग चौक से सेक्टर-6 कोतवाली थाने तक की सड़क का चौड़ीकरण भी लगभग पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर पेवर ब्लॉक और नालियों के अधूरे कार्य के कारण चौड़ीकरण का जो कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है उसे भी भविष्य में कार्यान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

# अग्रहरि वैश्य समाज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन






















■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 18 अप्रैल।** रायपुर अग्रहरि वैश्य समाज के तत्वावधान में दिनांक 13 अप्रैल 2025 को सम्मान समारोह का सफल आयोजन होटल बेबीलोन इन, जेल रोड, रायपुर में छत्तीसगढ़ अग्रहरि वैश्य समाज के संरक्षकगण एवं प्रदेश अध्यक्ष के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

समारोह का शुभारंभ रायपुर अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष श्री राधे श्याम गुप्ता जी के सरस एवं ऊर्जावान उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए 05 जनवरी 2025 को आयोजित परिचय सम्मेलन के विशेष सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यकारिणी एवं विभिन्न जिलों से पधारे सदस्यगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**कार्यकारिणी बैठक**-सम्मान समारोह के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री सुजीत गुप्ता की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ अग्रहरि समाज की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश सचिव श्री मनोज गुप्ता (बेलगहना) द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं**

- 05 जनवरी 2025 को आयोजित परिचय सम्मेलन में विशिष्ट योगदान देने वाले सहयोगियों का सम्मान।
- समाज के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।
- छत्तीसगढ़ अग्रहरि समाज के नवनिर्वाचित पार्षद का सम्मान।
- बैकुंठपुर इकाई के नए अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से निर्वाचन।




**बैठक के मुख्य बिंदु**

- समाज की जनगणना हेतु योजना एवं चर्चा।
- आगामी वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार।

**उपस्थित थे इन जिलों के लोग**

अंबिकापुर, सूरजपुर, चाँदनी बिहारपुर, बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, गरियाबंद, धमतरी, करगीरोड कोटा, दुर्ग, भिलाई, बेलगहना, महिला कार्यकारिणी एवं युवा कार्यकारिणी के सदस्यगण।

**प्रमुख उपस्थित गणमान्य व्यक्तित्व**

- के.के. गुप्ता (संरक्षक)
- राजकुमार गुप्ता (संरक्षक)
- सुजीत गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष)
- मनोज गुप्ता (प्रदेश सचिव)
- श्रीमती कमलनी गुप्ता (प्रदेश महिला अध्यक्ष)
- श्रीमती रचना गुप्ता (प्रदेश महिला सचिव)
- अंकित साह (प्रदेश युवा अध्यक्ष)
- देवेंद्र गुप्ता (प्रदेश युवा सचिव)
- प्रतीक गुप्ता (प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष)

## पीएम आवासः भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष वैष्णव




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 18 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव 15 से 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के लिए आवास सर्वे कार्यक्रम में सहभागिता कर ग्राम - शिकारीटोला में पात्र हितग्राहियों से मुलाकात की। श्रीमती किरण वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि पीएम आवास योजना से आज देश के करोड़ों परिवारों को अपना पक्का आवास मिल रहा। यह सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि गरीबों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की पहचान है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार ÷मोर दुआर साय सरकार महाभियान÷ अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों की पहचान हेतु 15 से 30 अप्रैल तक नया आवास सर्वेक्षण किया जा रहा ।इसके अंतर्गत प्रदेश स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छुटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर 2024 को आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया है। नरेंद्र मोदी जी का सपना है।कि हर गरीब के सर पर पक्की छत हो जिसका सपना आज भाजपा की नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार में हो रहा है। आज ग्राम - शिकारीटोला में दो प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हेमलता सेवता व द्रौपदी सेवता के प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन किया गया।

## आरक्षक सितलेश पटेल का चयन वेटलिफ्टिंग एवं पॉवरलिफ्टिंग में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 18 अप्रैल।** संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन द्वारा नेपाल के पोखरा शहर स्थित रंगशाला स्टेडियम में 3 से 7 अप्रैल तक इंटरनेशनल गेम्स में राजनांदगाँव जिले के सितलेश पटेल का चयन वेटलिफ्टिंग एवं पॉवरलिफ्टिंग खेल में हुआ था। इस इंटरनेशनल गेम्स की मेजबानी इंदु श्री अर्जेनाइजेशन द्वारा की गयी थी।

उक्त खेल प्रतियोगिता में अनेक देशों के खिलाड़यों ने प्रतिनिधित्व किया। सितलेश पटेल भारतीय टीम के कप्तान सितलेश पटेल के नेतृत्व में भारतीय टीम के चयनित खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। स्वयं सितलेश पटेल ने भारतीय टीम के कप्तान की जिम्मेदारी सम्हालने के साथ-साथ वेटलिफ्टिंग एवं पॉवरलिफ्टिंग दोनों ही खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किये हैं वहीं 22 से 28 अप्रैल तक यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चौंपियनशिप खेल के लिए



चयनित हुए जहाँ वे 21 अप्रैल को राजनांदगाँव से रवाना होकर भारतीय टीम के साथ दुबई जायेंगे। सितलेश पटेल भारत देश के एकलौते ऐसे खिलाडी हैं, जो वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग व स्ट्रेंथलिफ्टिंग तीनों ही खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। सितलेश विगत कई वर्षों से भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार पदक जीत रहे हैं। सितलेश पटेल लगातार अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने के साथ-साथ इतने कम उम्र में छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी के साथ भारतीय टीम के कप्तान की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जो राजनांदगाँव जिले के साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ व भारत देश के लिए गौरव हैं। यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चौंपियनशिप खेल के पहले सितलेश पटेल को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई।

## धमतरी जिले में विनोबा 'पोस्ट ऑफ द मंथ' पुरस्कार से शिक्षकों का सम्मान

**धमतरी 18 अप्रैल।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने शिक्षा विभाग और ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में धमतरी जिले के विभिन्न जिला परिषद स्कूलों के कुल 19 शिक्षकों को 'पोस्ट ऑफ द मंथ' रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन और संकुल स्तरीय सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयक अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं। साथ ही डीएमसी श्री भुवन जैन, एपीसी श्री नंद किशोर साहू, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री हितेश निर्मलकर, ब्लॉक के सीएसी और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

ओपन लिंक्स फाउंडेशन के आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत जिले के नवोन्मेषी शिक्षकों को ÷पोस्ट ऑफ द मंथ÷, रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

## महाराष्ट्र से आए यात्री का खोया बैग पुलिस ने किया वापस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 18 अप्रैल।** थाना डोंगरगांव पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और तत्परता का परिचय देते हुए एक बड़ी चोरी को घटित होने से पहले ही रोक लिया। महाराष्ट्र से आए एक यात्री का बहुमूल्य सामान बस में छूट गया था, जिसे पुलिस ने तकनीकी सहायता और सतर्क कार्रवाई के जरिये महज कुछ घंटों में बरामद कर वापस सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागपुर



(महाराष्ट्र) निवासी प्रार्थी मुकेश निषाद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ग्राम घोरदा टोलागांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनांदगांव से जागीरदार बस से रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी का हैंडबैग, जिसमें डेढ़ तोला सोने की मंगलसूत्र (कीमत लगभग ?1,50,000) और एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन (कीमत ?1,00,000) रखा हुआ था, बस में छूट गया। घटना से घबराई और परेशान पीड़िता थाना डोंगरगांव पहुंची, जहां थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। संबंधित समय की बस की पहचान कर बस मुंशी, चालक एवं कंडक्टर से संपर्क साधा गया। साथ ही सायबर सेल राजनांदगांव से तकनीकी सहायता प्राप्त कर बस का पता लगाया गया। मोहला क्षेत्र में तत्काल नाकाबंदी कर संबंधित बस चालक को सूचित किया गया। चालक ने बैग को सुरक्षित रखते हुए मोहला पुलिस स्टाफ की मदद से सामान को थाना डोंगरगांव लाकर सुपुर्द किया। तत्पश्चात पुलिस ने पूरी प्रक्रिया के तहत बैग, मोबाइल और मंगलसूत्र प्रार्थी को सुपुर्दनामे पर वापस सौंप दिया।

### नगर निगम आयुक्त ने सुबह की सफाई व्यवस्था देखी

## बरसात के पहले नाले-नालियों की सफाई व आवश्यक मरम्मत के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 18 अप्रैल।** प्रातः कालीन सफाई निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज प्रातः स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारी के साथ इंडस्ट्रीयल एरिया, आरा मशीन रोड, बास टाल, बैंक कालोनी एवं पटेल कालोनी के अलावा गंज चौक, मानव मंदिर चौक में सफाई देख कालोनियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर बारिश के पूर्व बड़े नाली नालो की सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को दिए। वही उप अभियंता श्री अशोक देवांगन को तिरूपति काम्पलेक्स के पार्किंग के लिये दुकानदारों से बात कर आरा मशीन रोड मरम्मत व डामरीकरण के लिये प्रस्ताव तैयार करने कहा।

सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री विश्वकर्मा स्पीकर हाउस रोड, आरा मशीन रोड में साफ सफाई देख वार्ड प्रभारी को रोड एवं बैक व पटेल कालोनी में साफ सफाई कर कचरा उठाने, सडक के दोनो ओर साफ सफाई कराने तथा स्पीकर हाउस के बाजू यूरिनल की सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कालोनियों में साफ सफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण में गिला सुखा कचरा अलग अलग देने समझाईस देवे तथा सत प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे। उन्होंने उक्त रोड मरम्मत व डामरीकरण के लिये प्रस्ताव तैयार करने तकनीकि अधिकारी से कहा। उन्होंने इंडस्ट्रीयल



एरिया, जी.ई.रोड हनुमान मंदिर के बाजू गाडी सर्विसिंग सेन्टर का नल कनेक्शन काटने, अम्बेडकर चौक श्रमिक भवन के पास अतिक्रमण हटाने निर्देशित किए। आयुक्त ने गंज चौक में साफ सफाई देख निगम काम्पलेक्स के बाजू पार्किंग स्थल में समुचित साफ सफाई कराने तथा गाडी वालो को व्यवस्थित वाहन रखने व साफ सुथरा रखने समझाईस देने कहा। उन्होंने नव निर्मित सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर तकनीकि अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मानव मंदिर चौक में सफाई देख वार्ड प्रभारी से कहा कि व्यस्तम चौक के साथ साथ शहर का प्रमुख मार्ग है, जिसे ध्यान मे रखकर समुचित साफ सफाई करावे। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा ने भी उक्त क्षेत्र में साफ सफाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा से चर्चा किये। आयुक्त ने तिरूपति काम्पलेक्स का पार्किंग देख कहा कि काम्पलेक्स के दुकानदारो से चर्चा कर काम्पलेक्स के पार्किंग स्थल में पर्याप्त सफाई रख गाडी पार्क करने समझाईस देवे, अपालन पर कार्यवाही करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी से नाला सफाई की जानकारी ली। स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा की तीन चरण में पूरे शहर के बडे नाली व नालो की सफाई मेनुअल एवं जे.सी.बी के माध्यम से की जाती है। वर्तमान में पुराना बस स्टैण्ड, इंदिरा सरोवर के पास नाला की सफाई जे.सी.बी. से की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि बारीश के पूर्व सभी नाली नालो की सफाई चरणबद्ध की जाए, जिससे वर्षा ऋतु में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो, आवश्यकता अनुसार जे.सी.बी. चैन माउण्टेन से भी नाला सफाई कराई जाए।

## चौथना में खुलेआम चल रहा था अवैध लाल ईट का कारोबार

■ राजस्व विभाग द्वारा की गईं कार्यवाही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 18 अप्रैल।** ग्राम पंचायत चौथना में झुनाऊ कुर्मी द्वारा खुलेआम लगभग 10 15 सालों से चल रहा था लाल ईट का अवैध कारोबार जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर एसडीएम मनोज मरकाम की दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार सतपाल यादव द्वारा यथास्थान पर पहुंचकर की गई कार्यवाही जिसमें लगभग एक ट्रेक्टर हरे भरे वृक्षों की कटाई कर लाई गई लकड़ी और लगभग 5 से 6 डंपर खेती हर मिट्टी पाई गई जिस पर कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार सतपाल यादव के द्वारा लगभग 50000 लाल ईट पर कार्यवाही की गईं है। प्रतिबंधित लाल ईटों पर राजस्व विभाग की कार्यवाही एक महत्वपूर्ण कदम है जो पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आवश्यक है। लाल ईटें वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत हैं और इनके उपयोग से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। राजस्व विभाग नियमित निरीक्षण और जांच कर लगातार लाल ईट भट्ठो पर कार्यवाही कर रहा है जिससे पर्यावरण संतुलन के साथ साथ हरे भरे वृक्षों को बचाया जा सकता है और लाल ईटों के उपयोग और बिक्री को रोका जा सके। अवैध रूप से चल रहे लाल ईट भट्ठों पर राजस्व विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जाए तों पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद मिल सकती है।

बड़ी सफलता पानी हो तो उसके लिए कई तरह की तैयारी की जाती है।कई तरह के उपाय काम में लाए जाते हैं। बड़ी सफलता के लिए किसी एक उपाय को काम में नहीं लाया जाता है। बड़ी सफलता के लिए जरूरी माना जाता है कि कम से कम राजनीतिक नुकसान हो। खासकर बड़ी सफलता जब नक्सलवाद को समाप्त करना हो। इस अमित शाह के पहले के गृहमंत्री मानते नहीं थे कि इसे समाप्त भी किया जा सकता है। इसलिए पहले के गृहमंत्री हमेशा यही कहते थे नक्सलियों के साथ संघर्ष किया जा रहा है। यानी वह नक्सलियों के खिलाफ हमेशा कुछ करते हुए दिखना चाहते थे। लेकिन वह जो कुछ भी करते थे उससे नक्सलवाद बस्तर में खत्म नहीं हुआ, बस्तर में नक्सलवाद बना रहा तो इसकी वजह यही है कि इसे खत्म करने की इच्छा ही नहीं थी। जब खत्म करने की इच्छा न हो तो आदमी सोचता है क्यों न इसका राजनीतिक फायदे के लिए उपयोग किया जाए। कई राजनीतिक दलों ने बस्तर में नक्सलियों को बचाकर राजनीतिक हित भी साधा है। चुनाव जीतने के लिए उनका उपयोग भी किया गया है।छत्तीसगढ़ की राजनीति में माना जाता है कि जो सरगुजा व बस्तर संभाग में ज्यादा सीटें जीतता है, उसी की सरकार बनती है।इसलिए ज्यादा सीटें जीतने के लिए नक्सलियों का उपयोग भी बस्तर में किया गया है, कई दलों व नेताओं के लिए नक्सली तो उपयोगी थे, इसलिए वह उनका सफाया तो सपने में भी नहीं चाहते थे, वह तो उनके लिए उपयोगी थे, इसलिए वह चाहते थे कि बस्तर में बने रहे और हमारे लिए उपयोगी रहें। नक्सलियों का सफाया वही सोच सकता था जिसकी सोच यह हो कि यह बस्तर व आदिवासियों के विकास में बड़ी बाधा है। नक्सलियों का सफाया तो वही कर सकता था जो इन्हें आदिवासियों के लिए हानिकारक मानता हो।अमित शाह ऐसे नेता हैं जिन्होंने नक्सलियों के सफाए की सोची क्योंकि वह देश व प्रदेश के लिए नक्सलियों को नुकसानदेह मानते हैं,वह मानते हैं कि यह जब तक रहेंगे प्रदेश व देश को नुकसान पहुंचाते रहेंगे। अमित शाह जानते हैं कि नक्सलियों का सफाया किसी एक तरीके से नहीं हो सकता।नक्सलियों का सफाया उनको रोज मारने से नहीं हो सकता। नक्सलियों का सफाया तो उनको हर तरीके से कमजोर करके ही किया जा सकता है। अमित शाह ने उनके खिलाफ कई मोर्चे खोले और उनको कमजोर करने का प्रयास किया।सबसे ज्यादा प्रभावी

## संपादकीय

## कई मोर्चों पर काम कर रही है सरकार


कदम था ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा कैंप खोलकर नक्सलियों के सफाए के लिए एक के बाद एक आपरेशन चलाना। और आए दिन बड़ी संख्या में नक्सलियों को उनके सुरक्षित ठिकानों में घुसकर मारना। इससे नक्सलियों में मारे जाने का खौफ पैदा हुआ। मारे जाने का खौफ पैदा हुआ तो सरकार ने सरेंडर करने के लिए अभियान चलाया। यह दूसरा मोर्चा था। यह भी प्रभावी कदम था क्योंकि नक्सलियों के खिलाफ बड़े अभियान का ही यह असर था महीने में जितने नक्सली मारे जाते थे, उससे ज्यादा सरेंडर करते थे। बस्तर में नक्सलियों की संख्या मारे जाने के जितनी कम हुई है, उससे ज्यादा सरेंडर करने से हुई है।यानी सरकार चाहती है कि नक्सलियों का सफाया यदि मारने की जगह सरेंडर करने से हो सकता है तो इसी पर ज्यादा जोर दिया जाए। क्षेत्र में नक्सलियों का आतंक कम होने पर सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाया, विकास के काम करवाए।इससे ग्रामीणों को एहसास हुआ कि नक्सली नहीं रहेंगे तो उनको ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी, उनके क्षेत्र का विकास ज्यादा विकास होगा। इससे ग्रामीण जो कभी नक्सलियों का सहयोग करते थे अब सहयोग करना बंद कर दिया। इससे भी नक्सली कमजोर हुए। गांवों से सहयोग न मिलने पर नक्सली अपने संगठन में नई भर्ती नहीं कर पा रहे है, इससे भी नक्सलियों की संख्या बस्तर में कम होती जा रही है।बस्तर में कैंप बड़ी संख्या मे खुल जाने से नक्सलियों का आतंक कम हो गया है तथा वह पहले की तरह धन की वसूली नहीं कर पा रहे है, इससे भी वह कमजोर हो रहे हैं।हाल ही में सरकार ने एक नया मोर्चा और खोल दिया है कि हथियारों के साथ सरेंडर करने पर नक्सलियों का लाखों रुपए  का मुआवजा दिया जाएगा। यह भी नक्सलियों को कमजोर करने का एक तरीका है क्योंकि जितने आधुनिक हथियार नक्सलियों के पास होते हैं वह उतने ही ताकतवर होते हैं जवानों को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। सरेंडर करने वाले नक्सली हथियार सहित सरेंडर करते हैं तो इससे नक्सलियों के पास एक दिन हथियारों की कमी हो जाएगी। वह हथियार के बिना बस्तर में कुछ नहीं कर पाएंगे।नक्सली यदि एलएमजी के साथ सरेंडर करेंगा तो उसे सरकार पांच लाख रुपए देगी।इसी तरह एसाल्ट रायफल,एके-47 पर 4 लाख, मोर्टार पर 2.50 लाख,एसएलआर,इंसास रायफल पर 2 लाख,एक्स 95असाल्ट रायफल, एमपी-9टेक्टिल पर 1.50 लाख,थ्री नॉट थ्री पर 1 लाख रुपए सरकार देगी। बगैर हथियार के सरेंडर करने पर नक्सली को पचास हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।इसी तरह नक्सलियों के लगाए गए बम आदि की जानकारी देने पर भी 15 हजार से 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। सरकार नक्सलियों को जिस तरह से भी कमजोर पर बस्तर से सफाया करना चाहती है।अमित शाह एक बात जानते हैं कि कमजोर नक्सलियों का सफाया आसान है इसलिए उनको हर तरह से कमजोर कर रहे हैं।साय सरकार वह सब कर रही है जो नक्सलियों के सफाये के लिए जरूरी है।

राजनीति

# बीजेपी की मजबूरी है तमिलनाडु में गठबंधन की सियासत

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी और दिवंगत जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके के बीच तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ गठबंधन ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी की नींद उड़ा दी है। यह गठबंधन बीजेपी के रणनीतिकार अमित शाह की देन बताई जा रही है हालांकि अभी तक दोनों दलों के दिल मिलते नहीं दिखाई दे रहे हैं। वजह हैं एआईएडीएमके नेता ई. पलानीस्वामी के बयानों में बार-बार आ रहा असमंजस। तमिलनाडु की राजनीति में यह कोई पहला मौका नहीं है जब चुनावी गणित के चलते विरोधी दलों ने हाथ मिलाया हो, लेकिन सत्ता साझा करने को लेकर जो स्पष्टता होनी चाहिए, उसकी यहां भारी कमी नजर आ रही है। अमित शाह ने खुद चेन्नई जाकर गठबंधन की सार्वजनिक घोषणा की, यहां तक कि दावा भी कर दिया कि अगली सरकार तमिलनाडु में एआईएडीएमके-बीजेपी की होगी। लेकिन जब पलानीस्वामी से इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने साफ कह दिया कि उनका बीजेपी के साथ सिर्फ चुनावी गठबंधन है, सरकार साझा नहीं की जाएगी। इससे बड़ा संकेत और क्या हो सकता है कि गठबंधन का भविष्य बेहद अनिश्चित है। यह सब तब हो रहा है जब बीजेपी ने अन्नामलाई जैसे उभरते नेता को हटाकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। तब माना गया कि पलानीस्वामी की शर्त पूरी कर दी गई है और अब गठबंधन में कोई बाधा नहीं रहेगी। लेकिन अब जिस तरह से एआईएडीएमके लगातार यह कह रही है कि बीजेपी के साथ मिलकर सिर्फ चुनाव लड़ेंगे, सरकार नहीं बनाएंगे, उससे साफ है कि उनके इरादे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह गठबंधन केवल अन्नामलाई को हटवाने की रणनीति तो नहीं थी? जिस प्रकार से पलानीस्वामी ने पहले अन्नामलाई के खिलाफ मुखर विरोध जताया और अब अन्नामलाई की विदाई के बाद भी नए मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं, उससे संदेह और भी गहराता जा रहा है। गौरतलब है कि तमिलनाडु की राजनीति में हिंदी विरोध, सांस्कृतिक पहचान, और क्षेत्रीय स्वाभिमान जैसे मुद्दे हमेशा हावी रहे हैं। ऐसे में बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी से जुड़ाव अक्सर द्रविड़ दलों के लिए एक राजनीतिक जोखिम बन जाता है। पलानीस्वामी भी शायद इसी वजह से खुलकर बीजेपी के साथ सत्ता साझा करने से बच रहे हैं। वह एक तरफ डीएमके को सत्ता से हटाने के लिए बीजेपी के समर्थन का लाभ उठाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर बीजेपी से दूरी बनाकर अपने क्षेत्रीय वोट बैंक को भी साधना चाहते हैं। यही वजह है कि वह बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी नेता होंगे और तमिलनाडु में सिर्फ वह यानी पलानीस्वामी। इससे संकेत मिलता है कि एआईएडीएमके नहीं चाहती कि तमिलनाडु में बीजेपी को ज्यादा ताकत मिले। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह का गठबंधन तमिलनाडु की राजनीति में नया नहीं है। अगर हम आंकड़ों पर नजर डालें तो 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और एआईएडीएमके के गठबंधन को लगभग 40 फीसदी वोट मिले थे, जबकि डीएमके और उसके सहयोगियों को 45 प्रतिशत। यानी मुकाबला कड़ा था। लेकिन जब 2023 में अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तब से एआईएडीएमके के साथ बीजेपी के रिश्तों में खटास आ गई। आखिरकार 2023 में यह गठबंधन टूट गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा, और नुकसान दोनों को हुआ। एआईएडीएमके को 20.46 फीसदी वोट मिले और बीजेपी को अकेले 11.24 प्रतिशत, यानी एनडीए को कुल 18.28 प्रतिशत। अगर ये दोनों साथ होते तो आंकड़ा लगभग 41 फीसदी के पास पहुंचता, जो डीएमके गठबंधन के 47 प्रतिशत के मुकाबले कुछ हद तक टक्कर दे सकता था। बीजेपी को इस आंकड़े से यह सीख जरूर मिली कि तमिलनाडु में वह अकेले दम पर अभी सत्ता में नहीं आ सकती। इसलिए, उन्होंने फिर से एआईएडीएमके से हाथ मिलाने का फैसला किया। लेकिन अन्नामलाई जैसे नेता की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और आक्रामक शैली को देखकर पलानीस्वामी ने शायद खतरे की घंटी महसूस की और अन्नामलाई को हटाने की शर्त रख दी। बीजेपी ने यह शर्त मानकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, लेकिन अब भी एआईएडीएमके का रुख सख्त है। इस पूरे घटनाक्रम से यही प्रतीत होता है कि पलानीस्वामी गठबंधन के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन सत्ता में बीजेपी को साझीदार बनाने से कतरा रहे हैं।



यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने इस पूरे विवाद पर बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बनाने का फैसला दोनों पार्टियों के नेतृत्व द्वारा सही समय पर किया जाएगा। यानी फिलहाल बीजेपी भी खुलकर कुछ कहने से बच रही है। अमित शाह ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर यही बात दोहराई थी कि उचित समय पर सब स्पष्ट किया जाएगा। इससे यह साफ होता है कि बीजेपी पलानीस्वामी के बयानों से नाराज तो है लेकिन अभी किसी टकराव की स्थिति नहीं बनाना चाहती। लेकिन क्या बीजेपी का यह नरम रवैया उसे लंबे समय तक नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्योंकि, अगर चुनाव जीतने के बाद भी उसे सत्ता में हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तो उसके कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ेगी। इससे पार्टी की छवि कमजोर होगी और तमिलनाडु जैसे राज्य में जहां बीजेपी अब तक सत्ता से दूर रही है, वहां वह अपनी पहचान मजबूत नहीं कर पाएगी। वहीं पलानीस्वामी का यह दोहरा खेल यह दिखाता है कि वह एक तरफ बीजेपी का सहारा लेकर डीएमके को हराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी ओर बीजेपी को सत्ता से बाहर रखकर अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत भी करना चाहते हैं। यह रणनीति चतुर जरूर है, लेकिन स्थायित्व के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है। बीजेपी के लिए यह गठबंधन एक बड़ा अवसर भी है और एक बड़ी चुनौती भी। अवसर इसलिए, कि एआईएडीएमके जैसे मजबूत क्षेत्रीय दल के साथ आकर वह तमिलनाडु में अपनी मौजूदगी को मजबूत बना सकती है। और चुनौती इसलिए क्योंकि अगर एआईएडीएमके ने चुनाव जीतने के बाद बीजेपी को सत्ता में हिस्सा नहीं दिया तो यह गठबंधन सिर्फ चुनावी सौदा बनकर रह जाएगा, जिसका कोई दीर्घकालिक फायदा नहीं होगा। बीजेपी को यह तय करना होगा कि वह सिर्फ वोट बैंक के लिए सहयोगी बने रहना चाहती है या सत्ता में हिस्सेदारी के लिए सख्ती भी दिखाएगी। वहीं पलानीस्वामी भी शायद इस बात को भली-भांति समझते हैं कि डीएमके को हराने के लिए बीजेपी का साथ जरूरी है। लेकिन वो ये भी जानते हैं कि अगर बीजेपी को सत्ता में साझीदार बना लिया गया तो उनके खुद के नेतृत्व पर सवाल उठ सकते हैं। यही कारण है कि वो एक ऐसी लाइन पर चल रहे हैं जहां दोनों पक्षों को साधने की कोशिश हो रही है  डीएमके के विरोधियों को खुश रखने के लिए बीजेपी से गठबंधन और तमिल गौरव तथा क्षेत्रीय स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए बीजेपी को सत्ता से दूर रखने की बात। यह राजनीति का वह खेल है जिसमें हर मोहरा अपने समय पर चलता है। तमिलनाडु में होने वाले 2026 के चुनाव इससे अलग नहीं होंगे। पलानीस्वामी का यह रुख अगर चुनाव के बाद भी बरकरार रहता है तो बीजेपी के लिए यह बड़ा झटका होगा। वहीं अगर बीजेपी अपने वोट बैंक को बढ़ाने में सफल होती है, तो आने वाले समय में वह एआईएडीएमके की तरह किसी दल पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं समझेगी। तब शायद तमिलनाडु की राजनीति का गणित एक बार फिर नया मोड़ ले ले। अभी के लिए इतना तय है कि यह गठबंधन स्थायी नहीं, बल्कि एक अस्थायी राजनीतिक समझौता है, जिसमें दोनों पार्टियां अपने-अपने फायदे की तलाश कर रही हैं। लेकिन कब यह फायदे नुकसान में बदल जाए, और कब यह गठबंधन एक बार फिर टूट जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं है। चुनावी जमीन पर असल तस्वीर तभी साफ होगी जब वोटों की गिनती होगी और फैसला सामने आएगा कि तमिलनाडु की जनता इस गठबंधन को किस रूप में देखती है  एकजुट ताकत के रूप में या फिर एक जबरन थोपी गई साझेदारी के तौर पर यह आने वाला समय बतायेगा।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। संतान को परीक्षा में सफलता हासिल होगी। भाई बहनों में चल रही अनबन भी दूर होगी। जीवनसाथी को शारीरिक समस्या चल रही थी, उससे भी काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर कुछ नए प्रयास करेंगे। राजनीति में कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे, जिससे उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आज आपका कोई सहयोगी कामों में आपको धोखा दे सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको कोई काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा। आपको किसी से कोई वादा करने से पहले सोच विचार करना होगा। यदि आपका धन कहीं डूबा हुआ था, तो उसके आपको मिलने की संभावना है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने पिताजी से बिजनेस को लेकर डिस्कशन करना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर आलस्य दिखाएंगे, जिससे कल पर टालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी  होगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगी, लेकिन आपको उनकी भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप अपनी कला कौशल से लोगों को हैरान करेंगे, लेकिन आपको अपने कामों को लेकर मार्केट में एक्टिव बने रहना पड़ सकता है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। आप कोई नया बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं। आप कोई सरकारी काम में इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो वह आपके लिए ज्यादा अच्छा रहेगा। आपकी प्रॉपर्टी को लेकर किसी से कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत बहुत ही सोच समझकर करनी होगी, नहीं तो बेवजह के लड़ाई-झगडे होने की संभावना है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

सिंह- आज के दिन आपके लिए मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं। माताजी की सेहत में समस्या रहने से भागदौड़ अधिक रहेगी। आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर मेहनत अधिक करनी है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई काम पूरा होते होते रह सकता है, जो आपकी दिक्कतों को बढ़ाएगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम को कार्यक्षेत्र में अपने सीनियर से बातचीत करके करना बेहतर रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को प्रयास बेहतर रहेंगे। आपका धन को लेकर कोई काम यदि रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आप जीवनसाथी की भावनाओं का पूरा सम्मान करें। किसी कानूनी मामले में लापरवाही दिखाने से नुकसान हो सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। यदि आपका कोई चल और अचल संपत्ति संबंधित मामला लंबे समय से कानून में विवादित था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी कुछ अनोखी कोशिशें रंग लाएगी। आपको किसी धन संबंधित मामले में सोच समझकर बोलना बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। मन की इच्छा की पूर्ति होने से खुशियां भरपूर रहेगी। आपको बेफिजूल के खर्चों पर रोक लगानी होगी, लेकिन आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों में ढील नहीं देनी है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी बात के लिए बिना सोचे समझे हां ना करें। आपको अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह लेनी पड़ सकती है। किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है और आपके घर की किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से आपका मन खुश रहेगा। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने में यदि समस्या आ रही थी, तो उसे आप अपने भाइयों की मदद से पूरा कर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप किसी दूसरे पर डिपेंड रहें, तो इससे आपके काम अवश्य लटकेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। यदि आपने कोई लोन अप्लाई किया था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपके मित्रों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, लेकिन आपकी ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से खटपट होने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आपको अपने बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के बाद अच्छी सफलता मिलेगी और आपकी पारिवारिक समस्याएं भी आज कुछ कम हो सकती हैं। आप किसी के बहकावे में ना आएं। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। जो काम को लेकर अच्छी सलाह देंगे। शेयर मार्केट में यदि आपने पहले इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे भी आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

मीन- आज का दिन आपके लिए कुछ नई खुशियां लेकर आएगा, क्योंकि आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपका कोई गुप्त धन आपको मिलने की संभावना है। परिवार में लोग आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे और आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

## व्यंग्य — नेताजी की नाक और लोकतंत्र की राख

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

नेताजी की नाक केवल एक साधारण नाक नहीं थी, बल्कि इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज होने योग्य थी। गाँव के बुजुर्गों का कहना था कि जब नेताजी पहली बार चुनाव लड़े थे, तब उनकी नाक एकदम सामान्य थी—छोटी, संतुलित, और इंसानी सीमाओं के भीतर। लेकिन जैसे-जैसे उनके कार्यकाल बढ़ते गए, वैसे-वैसे उनकी नाक भी लंबी होती चली गई। यह कोई रहस्य नहीं था बल्कि उनकी राजनीतिक सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण था। इतिहासकारों ने तो यहाँ तक सिफारिश कर दी थी कि इस नाक को ह्रराष्ट्रीय धरोहरह्न घोषित कर देना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ देख सकें कि कैसे राजनीति केवल विचारों से नहीं, बल्कि नाक की लंबाई से भी प्रभावित होती है। जब किसी पत्रकार ने उनसे पूछ लिया कि नेताजी, आपकी नाक इतनी लंबी कैसे हो गई? तो नेताजी ने मुस्कुराते हुए कहा, जनता के प्यार से! यह सुनकर जनता हैरान रह गई। कोई यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाया कि असल में नेताजी की नाक उनके किए गए वादों की लंबाई से मेल खाती थी। जितने वादे, उतनी लंबी नाक! यह नाक एक जीवंत स्मारक बन चुकी थी, जो याद दिलाती थी



कि राजनीति में अनुभव केवल काम करने से ही नहीं, बल्कि वादे करने और उन्हें तोड़ने से भी बढ़ता है। नेताजी के पास हर समस्या का समाधान था—बस समस्या का नाम मत लीजिए! अगर किसी गाँव में पानी नहीं आ रहा तो नेताजी कहते, भाई, पानी नहीं आ रहा, इसका मतलब यह नहीं कि व्यवस्था खराब है। इसका मतलब यह है कि हमारे जल स्रोत सुरक्षित हैं। हम जल संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं। बिजली नहीं आती तो उनका जवाब होता, सरकार जनता को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। मोमबत्ती जलाइए, बचपन की यादें ताजा कीजिए। जब किसी ने उनसे पूछा कि अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, तो उनका जवाब था, हमने जनता को मजबूत बनाने का प्रण लिया है। बीमारियाँ खुद ही ठीक होने दें, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएँ। इस तर्क में इतनी मजबूती थी कि विरोधियों को भी उनके तर्कशास्त्र के आगे झुकना पड़ता था। चुनाव नजदीक आते ही नेताजी के भाषण और भी चमत्कारी हो जाते। एक दिन जब उन्होंने जनता को संबोधित किया तो बोले, हमने पाँच सालों में इतने विकास किए हैं कि अगर आप गिनने बैठें तो उंगलियाँ कम पड़ जाएँगी। जनता ने सवाल किया, नेताजी, बताइए, कौन-कौन से विकास हुए? नेताजी मुस्कुराए, चश्मा ठीक किया और बोले, पहला विकास झ्र हमारी पार्टी मजबूत हुई। दूसरा झ्र हमारा परिवार समृद्ध हुआ। तीसरा झ्र हमारे करीबी ठेकेदारों की किस्मत चमकी। बाकी तो आप खुद समझदार हैं। यह सुनकर जनता पहले तो हतप्रभ रह गई, लेकिन फिर उसे एहसास हुआ कि नेताजी के भाषणों में ऐसी जादुई ताकत थी कि वे बिना कोई ठोस जवाब दिए भी तालियाँ बजवा सकते थे। सड़कें इतनी खराब थीं कि ऐसा लगता था जैसे किसी ने गड्ढों के ऊपर थोड़ा-बहुत सड़क डाल दी है। जब लोगों ने शिकायत की तो नेताजी बोले, देखिए, ये स्मार्ट गड्ढे हैं। इसमें पानी भर जाए तो कुआँ बन जाता है, सूख जाए तो स्टेडियम। जनता इस चमत्कारी व्याख्या से चकरा गई। किसी ने मजाक में कह दिया, नेताजी, सड़कें तो आपकी नाक जितनी भी ठीक नहीं हैं। नेताजी हँसते हुए बोले, सड़कें लंबी बनाने के लिए पहले वोट लंबी संख्या में चाहिए! सफाई व्यवस्था भी ऐसी थी कि कूड़ा सड़कों पर बिखरा हुआ था, लेकिन नेताजी की नजर में यह विकास का प्रतीक था। उनका कहना था, स्वच्छता अभियान के तहत हमने इतना कूड़ा जमा किया है कि अब बस उसे हटाने की औपचारिकता बची है। हमारी सरकार इसे ऐतिहासिक कूड़ा घोषित करवा सकती है! जब किसी ने पूछा कि कूड़ा उठेगा कब, तो बोले, योजना बन रही है, अगले चुनाव तक सब साफ हो जाएगा, चाहे कुछ भी हो जाए, वोट बैंक गंदा नहीं होना चाहिए! फिर आया चुनाव परिणाम का दिन। नेताजी हार गए। हारने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर बयान दिया, हमारी हार जनता की जीत है, और जनता की जीत आखिर हमारी ही जीत है। मतलब, हम हारे ही नहीं! रिपोर्टर ने पूछा, नेताजी, अब क्या करेंगे? नेताजी बोले, हम नई पार्टी बनाएंगे, पुरानी पार्टी पर आरोप लगाएंगे, फिर नई पार्टी को पुरानी बनाएंगे, और पुरानी को नई। बस, जनता को उलझाए रखेंगे! अब नेताजी राजनीति से सन्यास लेने की सोच रहे थे, लेकिन उनकी नाक ने इसकी इजाजत नहीं दी। आखिरी बार जब उन्हें किसी ने संसद भवन के गेट पर देखा, तो वे सोच रहे थे, काश, जनता की याददाश्त मेरी नाक जितनी लंबी होती!

गंभीर मुद्दा

# नकली,मिलावटी दूध का खेल: अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य को चपत !

दूध सदियों सदियों से हमारी सनातन भारतीय संस्कृति और खान-पान का बहुत ही अहम्‍ हिस्सा रहा है। वास्तव में दूध शुद्धता और पोषण का प्रतीक रहा है। इसीलिए हमारी सनातन संस्कृति में दूध को 'अमृत' की संज्ञा दी गई है।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार दूध उत्पादन के मामले में भारत दुनिया का नंबर-1 देश है और वैश्विक दूध उत्पादन में भारत का योगदान 24.64 प्रतिशत है। पीआईबी पर उपलब्ध एक जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल दूध उत्पादन 230.58 मिलियन टन था और इसी अवधि में प्रति व्यक्ति उपलब्धता 459 ग्राम प्रति दिन थी।एक अन्य उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत का दूध उत्पादन वर्ष 2023-24 में 4 प्रतिशत बढ़कर 239.3 मिलियन टन हो गया है, लेकिन बावजूद इन सबके आज यह एक बहुत बड़ी विडंबना ही है कि दूध में मिलावट है। देश में आए दिन नकली दूध मिलने के अनेक मामले सामने आ रहें हैं। आज अधिक कमाई के लालच में दूध में मिलावट कर मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि लगभग सात-आठ साल पहले मीडिया के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि देश में बिकने वाला 67.7 फीसदी दूध मिलावटी है।इसके पीछे उस समय तर्क यह दिया गया था कि देश में दूध का उत्पादन 14 करोड़ और खपत 64 करोड़ लीटर है। पिछले ही साल यानी कि वर्ष 2024 में एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि देश में नकली दूध बनाने का कारोबार चल रहा है।उस समय दैनिक ने जानकारी दी थी कि मिलावटी दूध के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में सामने आए हैं। वास्तव में सच तो यह है कि उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक कई राज्य ऐसे हैं जहां नकली दूध बनाने का कारोबार और बेचने का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023-24 में यूपी में 16 हजार से ज्यादा दूध के सैंपल पॉजिटिव पाए गए थे।इसी तरह से तमिलनाडु में 2200 से ज्यादा मामले जबकि केरल में 1300 सैंपल पॉजिटिव पाए गए थे। इतना ही नहीं, बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और मध्यप्रदेश में भी लगातार मिलावटी और नकली दूध के मामले पकड़े गए। गौरतलब है कि देश भर में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता के मामले में पंजाब सबसे आगे है, लेकिन इसके बावजूद राज्य में नकली दूध की समस्या आज भी उतनी ही गंभीर बनी हुई है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि देश के सिर्फ पांच राज्य, जिनमें क्रमशः राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश शामिल हैं, 52 फीसदी दूध का उत्पादन करते हैं। राजस्थान दूध उत्पादन के मामले में काफी आगे है, क्यों कि यहां पर अधिक संख्या में पशुपालन किया जाता है। नाबार्ड के वर्ष 2023 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश में कुल उत्पादित होने वाले दूध उत्पादन में से राजस्थान 15.05 फीसदी का उत्पादन करता है, जबकि दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है, जहां कुल 14.93 फीसदी दूध का उत्पादन होता है। तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है, जहां 8.06 फीसदी दूध का उत्पादन होता है। इसके बाद चौथे स्थान पर गुजरात है, जहां 7.56 फीसदी दूध का उत्पादन होता है। पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है, जहां 6.97 फीसदी दूध का उत्पादन किया जाता है। बहरहाल, क्या यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील बात नहीं है कि भारत में दूध का जितना उत?पादन नहीं होता, उससे ज?यादा दूध की खपत होती है ? वास्तव में एक कटु सत्य तो यह है कि आज हम दूध में मिलावट के दौर से नकली दूध के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। आज दूध में यूरिया, डिटर्जेंट और विभिन्न खतरनाक रासायनिक पदार्थों की मिलावट की जा रही है। इतना ही नहीं,नकली दूध बनाने में कास्टिक सोडा, सफेद पेंट, हाईड्रोपेरॉक्साइड, वनस्पति तेल, फर्टिलाइजर जैसे घातक पदार्थों का इस्तेमाल होता है। ये सभी पदार्थ मानवीय स्वास्थ्य के लिए घातक हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोगों के कारक हैं।आज देश में मिल रहे दूध व दूध से जुड़े 80 से 90 प्रतिशत उत्पाद मिलावटी हैं। पाठकों को बताता चलूं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि है कि अगर भारत के दुग्ध उत्पादों की जांच नहीं की गई तो इस वर्ष यानी कि 2025 तक 87 प्रतिशत भारतीय घातक बीमारियों जैसे कैंसर आदि के शिकार हो सकते हैं। विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 89.2 प्रतिशत दुग्ध उत्पादों में किसी न किसी तरह की मिलावट पाई है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि साल 2019 में, देश में कुल दुधारू पशुओं की संख्या 125.34 मिलियन थी। इनमें भी गायों की संख्या 14 करोड़ 51.2 लाख और भैंसों की संख्या 109.85 मिलियन थी, लेकिन आज एक ओर जहां भैंसों की संख्या में कमी आई है, वहीं दूसरी ओर दूध उत्पादन में इजाफा हुआ है। आज आबादी(मानव) बढ़ रही है, पशुओं की संख्या लगातार घट रही है और दूध उत्पादन बढ़ रहा है, यह हर किसी को विस्मय में ही डालता है।पशुधन(भैंसों) की संख्या में कमी के बावजूद दूध उत्पादन में वृद्धि क्या आश्चर्यजनक बात नहीं है ? उल्लेखनीय है कि भारत जैसे देश में दूध का प्राथमिक स्रोत भैंसें और गायें ही हैं, लेकिन बीते कुछ दशकों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी पशु पालने का रुझान लगभग आधा रह गया है। शहरों में तो पशु आज के समय कोई पालना ही नहीं चाहते हैं। दरअसल,इसके पीछे कारण स्पष्ट हैं। मसलन, आज हर चीज में महंगाई बढ़ी है, बढ़ती आबादी के बीच शहरों ही नहीं ग्रामीण परिवेश में भी आज के समय कोई पशुपालन नहीं करना चाहते। पशुओं के साथ चारे की कीमतों में भी अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। पशुओं के लिए इलाज सुविधाओं का अभाव है। पशुपालन के लिए कम आय भी आम आदमी का पशुपालन से मुंह मोड़ रहा है।आधुनिकता और बदलती जीवनशैली का प्रभाव पशुपालन पर कहीं न कहीं पड़ा है और पशुपालन के प्रति पहले की तुलना में रूझान काफी घटा है। आज आये दिन हम मीडिया की सुर्खियों में यह पढ़ते सुनते हैं कि फलां-फलां स्थान पर  नकली व मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों की भारी मात्रा में बरामदगी हुई। आज दूध व दूध से बने पदार्थों/उत्पादों के नमूने फेल हो रहे हैं।सच तो यह है कि ऐसी खबरें (मिलावटी व नकली दूध की खबरें) दूध उत्पादन में वृद्धि पर कहीं न कहीं सवालिया निशान लगातीं हैं।आज पशु कहीं पर दिखाई नहीं देते, फिर भी दूध, पनीर, दही तथा दूध से बने अनेक उत्पाद बाजारों, माल्स आदि में धड़ल्ले से उपलब्ध हैं, जो कि काफी चिंताजनक है। बहरहाल, यह बात ठीक है कि पशुपालन, भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है और भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के बाद अहम क्षेत्र है, लेकिन सच तो यह है कि आज पशुपालन के प्रति पहले सी रूचि नहीं रही है,जिसके कारणों के बारे में इस आलेख में आप पाठकों को पहले ही अवगत कराया जा चुका है। आज से पच्चीस तीस साल पहले विशेषकर ग्रामीण परिवेश में पशुपालन लोगों का शौक था, दूध देने वाले पशु घर-परिवार , आंगन की शोभा बढ़ाते थे और उन्हें परिवार का अहम्‍ और महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। आज पहले सी बात नहीं रही, हम आधुनिक हो चलें हैं।आज हमें सबकुछ पैकिंग में चाहिए,दूध भी आज पैकिंग की वस्तु हो चली है, हमारे पास पशुपालन का समय नहीं बचा है, जैसा कि आधुनिकता की दौड़ में हम अंधे हो चुके हैं। न हमें अपने स्वास्थ्य का ख्याल रहा है, और न ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाने वाले पशुपालन का ही। आज दूध व्यवसाय तो बना है,दूध घरेलू इस्तेमाल से व्यवसाय तक आया है, वर्गीज कुरियन हमारे देश के 'मिल्कमैन' कहे जाते हैं।उनके नेतृत्व में भारत दूध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ, देश में पहले की भांति(प्राचीनकाल की भांति) दूध की नदियां बहने लगीं, लेकिन आज समय के साथ दूध के व्यवसाय में मिलावटी व नकली दूध का बोलबाला हो चुका है,जो हमारे स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है कि सरकारें व भारतीय किसान न केवल दूध उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान दें, बल्कि पशुपालन को सुदृढ़ करें और पशुओं के प्रति सम्मान की संस्कृति को पुर्नजीवित करें, क्यों कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है और पशुपालन हमारी रीढ़ है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि खेती के साथ पशुपालन हमारी आजीविका का एक प्रमुख जरिया है।



## एक नजर

### धनीराम बारसे को पहले अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत

**सुकमा, 18 अप्रैल।** सलवा जुडूम के दौरान दक्षिण बस्तर जल रहा था, उस वक्त बस्तर से किसी भी नेता के पास आंदोलन के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं थी। एकमात्र आदिवासी नेता कामरेड मनीष कुंजाम उस आंदोलन के खिलाफ लड़ाई ही नहीं लड़ी बल्कि उस आंदोलन को पूर्णता- बंद कराने में अंतिम तक संघर्ष किया। कामरेड मनीष कुंजाम को आंदोलन जीवी कहने वाले भाजपा नेता धनीराम बारसे को पहले अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। आंदोलन क्या होता है उन्हें इसका अर्थ तक नहीं मालूम है। बस्तर के लोहंडीगुड़ा में टाटा कंपनी को भगाने में मनीष कुंजाम के योगदान को शायद वे भूल गए हैं। उस वक्त भी उनकी सरकार प्रदेश में सत्ता में थी। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीष कुंजाम पर तेंदूपत्ता बोनस में प्रबंधकों द्वारा 10 लाख रुपए लेने का गंभीर आरोप लगा रहे हैं। धनीराम को यह बात शायद नहीं पता होगी कि उनके ही सरकार में साल 2021 व 22 का तेंदूपत्ता बोनस पिछले साल अप्रैल महीने में आया था। जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ही प्रदेश में वन मंत्री भी है। 2024 के अप्रैल व मई में आदिवासी संग्राहकों के लिए आए राशि का दिसंबर तक वितरण नहीं किया गया। कॉमरेड मनीष कुंजाम को जैसी ही गड़बड़ी की जानकारी मिली तो उन्होंने पूरे मामले की तहकीकात कर कलेक्टर सुकमा से शिकायत की।

### न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन रायपुर ने महिलाओं को किया सम्मानित

**सुकमा, 18 अप्रैल।** न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन रायपुर के द्वारा नारी शक्ति सम्मान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुकमा



जिले के दो महिलाओं को नई उड़ान जन सेवा फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया। मेकअप आर्टिस्ट सुजाता शर्मा और हेयर स्टाइल आर्टिस्ट बरखा बागडे को सम्मानित किया गया। सम्मानित दोनों महिलाएं और सुकमा में ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में कार्य करने के साथ-साथ महिलाएं एवं युवतियों को ब्यूटी पार्लर से संबंधित प्रशिक्षण भी देती है। जिससे अन्य महिलाएं एवं युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान होते हैं। ज्ञात हो कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चिकित्सा, पुलिस, एजुकेशन, ब्यूटी पार्लर, होम मेकर, सिंगिंग, फिल्म प्रोडक्शन, सफाई कर्मीक, मेकअप और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। नई उड़ान फाउंडेशन के डायरेक्टर उषा शर्मा के द्वारा महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने को लेकर सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में इसी तरह से अपने कार्य क्षेत्र में और भी बेहतर कार्य करने के लिए उन्हें बधाइयां देते हुए प्रोत्साहित किया।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन दंतेवाड़ा की मासिक बैठक आयोजित



**दंतेवाड़ा, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला दंतेवाड़ा की बैठक काफी हाउस दंतेवाड़ा में आयोजित की गई। उपरोक्त बैठक में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस कुरैशी,प्रदेश उपाध्यक्ष ( महिला ) लक्ष्मी यादव की उपस्थिति रही,सर्व प्रथम जिला अध्यक्ष लोकेश कुंजाम ने बैठक में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं उसके बाद पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिले भर के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में संगठन के विस्तार सहित जनता की समस्याओं को उचित तरीके से उठाकर समाधान करवाना पर्यावरण संरक्षण,पशुओं की रक्षा एवं आम जन मानस को प्रदूषण से निजाद दिलाने हेतु संकल्प लिया गया। साथ ही संगठन के सदस्यों को उनका आईडी कार्ड भी वितरण किया गया बैठक में जिले से जिला अध्यक्ष लोकेश कुंजाम,जिला अध्यक्ष महिला संजुक्ता देवांगन,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला अनुसुइया भोपले, कार्यकारी महिला अध्यक्ष पुष्पा वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह,जिला महिला उपाध्यक्ष मीना केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप सोनी, जिला सह सचिव आफताब आलम,जिला मीडिया प्रभारी बी रामू की उपस्थिति रही।

# नालियों की सफाई न होने से गंदगी,बीमारी फैलने की आशंका







- नगर के करीब करीब हर वार्ड के नालियों की एक जैसी हालात
- गंदगी से बजबजाती खुली नालियां दंतेवाड़ा नगर पालिका की पहचान
- नालियों से निकालकर सूखने के लिए सड़कों पर रखे गए कचरों को भी उठाना भूल जाती है पालिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 18 अप्रैल।** नगर में टूटू फूटे और बिना ढंके नालियों से निकलने वाले दुर्गंध एवं उससे पनपने वाले मच्छरों के आतंक से नगर के वार्डवासी खासे परेशान हैं। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से हर कोई हालाकान है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। मच्छरों के पनपने का सबसे प्रमुख कारण नगर के गली मोहल्लों, वार्डो में बने खुली और गंदगी से भरी नालियों को माना जा रहा है। खुली नालियों से ही मच्छर निकलकर आपके हमारे घरों के अंदर तक पहुंचते हैं और इंसानों को काटकर उन्हें बुरी तरह संक्रमित कर बीमार कर रहे हैं। नगर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होती है। टैक्स देने वाली जनता को साफ नाली, साफ पानी और बेहतर सड़क व अच्छी प्रकाश व्यवस्था मिले इसकी पुरी जिम्मेदारी नगर सरकार की है। चुनाव के वक्त जनप्रतिनिधि बड़े बड़े वायदे कर चुनाव तो जीत लेते हैं मगर बाद में वे जनता की तकलीफों को देखने नहीं आते। बेचारी जनता अपने को ठगा सा महसूस कर सब कुछ खामोशी से सहती रहती है।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा नगर पालिका के अधिकांश वार्डो में पालिका द्वारा बनाई गई नालियां अव्यवस्थित है। नाली का मतलब ही यह होता है कि एक छोर से दुसरे छोर तक नाली का गंदा पानी बहता हुआ बाहर दूर जाकर गिरे। मगर दंतेवाड़ा नगर में इस तरह की व्यवस्था नहीं है। यहां बनाए गए कोई भी नाली सिस्टमेटिक नहीं बना है। नालियां कुछ मीटर पर जाकर खत्म हो जाता है जिससे इसमें जमा गंदा पानी बाहर निकल नहीं पाता और नालियों में पड़े पड़े सडकर भयानक दुर्गंध मारने लगता है। आसपास रहने वालों का जीना दूभर हो जाता है। सडांध भरी दुर्गंध एवं उससे पनपने वाले मच्छरों से संक्रमण के फैलने का हरवक्त खतरा बना रहता है। अंबेडकर पार्क के सामने वार्ड नंबर 13 की नालियों में भी सालों से गंदा पानी जमा पड़ा है। जब तक 10 बार पालिका के कर्मचारियों को या जनप्रतिनिधियों को शिकायत या फोन न किया जाए तब नालियों की सफाई करने नहीं आते। वार्ड नंबर 2 की पार्षद राधा गुप्ता ने बताया कि उनके वार्ड में कतियाररास वाले रोड में सड़क किनारे बने नाली में सालों से पानी जमा पड़ा है। सड़कर पानी का रंग हरा हो चुका है इस जहरीले नाली के पानी को पीकर कुत्ते व पशु बीमार होकर मर रहे हैं। कई बार कहने के बावजूद भी पालिका इसे साफ नहीं करवा रही है। पहले ये वार्ड वर्तमान पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता का था इसी वार्ड से श्रीमती पायल गुप्ता पार्षद जीती थी तब भी यही हाल था और आज भी नालियों का हाल उसी स्थिति में है। जब कभी सफाई होती भी है तो कचरा कूडा नालियों से निकालकर सड़क पर सूखने के लिए छोड़ा जाता है उसके बाद महिनों तक पालिका का ट्रेक्टर उसे उठाने नहीं आता। कूडा कचरा सूखकर फिर से नालियों में उड़कर चला जाता है। अपने वार्ड में सफाई नहीं होने से नाराज पार्षद राधा गुप्ता ने कहा कि पालिका के सीएमओ श्री पालदास कार्य के प्रति सुस्त एवं अकर्मण्य हैं जिसके चलते सफाई अभियान ठंडा पड़ा हुआ है। उन्होने दो टूक कहा कि अगर पालिका उनसे नहीं सम्हल रहा है तो उन्हें यहां से ट्रांसफर लेकर कहीं और चले जाना चाहिए या इस्तीफा दे देना चाहिए।

> निरंतर नालियों की सफाई का काम चल रहा है। ये बात सही है कि नालियों से निकासी कई जगह पर नहीं है जिसके चलते गंदा पानी जमा हो जाता है। नये बजट में जल्द ही हम नालियों को ठीक कर इसे व्यवस्थित करवाएंगे। बारिश से पहले पहले हर साल नालियों की सफाई की जाती है। तकनीकी तौर पर भी हम देख रहे हैं जहां जहां भी नालियों को ठीक करने की आवश्यकता होगी उसे जल्द ही ठीक करवाया जाएगा।
>
> **(व्ही.के.एस.पालदास)**
> **सीएमओ**
> **नगर पालिका दंतेवाड़ा**

## रिकार्ड समय में प्रधानपाठक पदोन्नति पूर्ण

**दन्तेवाड़ा, 18 अप्रैल।** दंतेवाड़ा जिला में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की गई जिससे दंतेवाड़ा जिला के शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है। छ.ग. शालेय शिक्षक संघ दन्तेवाड़ा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने यह बताया है कि जिला में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर अविलम्ब पदोन्नति की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से किया था जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने पदोन्नति की प्रक्रिया की शुरूवात करते हुए कुल 38 पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया संपन्न की । इन पदों के विरूद्ध 16 अप्रैल को काउंसलिंग की प्रक्रिया में 34 सहायक शिक्षक उपस्थित हुए एवं 05 सहायक शिक्षक अनुपस्थित थे। इन 34 सहायक शिक्षकों में से 11 सहायक शिक्षकों ने प्रधान पाठक प्राथमिक के पद पर पदोन्नति लेने के बजाय शिक्षक पद पर पदोन्नति लेने हेतु आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्णय लेना है। शालेय शिक्षक संघ लगातार शिक्षक हित में कर्मचारियों के मनोबल एवं कार्य दक्षता पर अनुकूल प्रभाव हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त संचालक शिक्षा ,बस्तर से प्रधान पाठक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक एवं शिक्षक पद हेतु लगातार मांग करता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एस.के.अंबस्ट ने रिकार्ड समय में डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी ( डी.पी.सी) की बैठक आयोजित कर पदोन्नति एवं पदस्थापना हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया अपनाते हुए पदोन्नति संपन्न करवाया। इस पदोन्नति की प्रक्रिया त्वरित संपन्न करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं उन्के कार्यालय को शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेष सिंह , कुलदीप चौहान ,दीपमाला वेक, नीतु पारधी , वेदिका नाग , कमल कर्मकार , पुरूषोत्तम लाल साहू , धीरेन्द्र सिंह गौतम ,दिनेश गभेल , गजलू पोडियाम ,अंकित गुप्ता , विनय प्रधान ,राकेश मिश्रा , केशव स्वर्ण , आनंद मुडामी , हीरालाल ओयामी, महावीर नाग, कु मधु उइके , पलकेश सोनी , देवेन्द्र धीवर ,दीपक शास्त्री जितेन्द्र चौहान, योगेश सोनी , आशुतोष शिवहरे , नवीन मिश्रा , राजीव मिश्रा ,मनोज ठाकुर , मूलचन्द्र चंद्राकर , सरोज कुमार मांझी आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## महापौर ने सीएम से मांगे सवा दस करोड़



**जगदलपुर, 18 अप्रैल।** महापौर संजय पाण्डे ने चुनाव के समय जनता के सामने रखे गए अपने विजन पर काम करना शुरू कर दिया है। महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को उनके जगदलपुर प्रवास के दौरान नगर पालिक निगम जगदलपुर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 10 करोड़ 25 लाख रुपए की स्वीकृति की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। महापौर संजय पाण्डे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सौंपे गए मांग पत्र में नगर के गंगामुंडा तालाब का सौन्दर्यीकरण के लिए 4 करोड़ 25 लाख रुपए, महादेव घाट के संपूर्ण सौंदर्यीकरण एवं घाट निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए, दलपत सागर में वाटर एक्टिविटी वाटर एडवेंचर की सुविधा के लिए 2 करोड़ रुपए और लोकमान्य तिलक वार्ड क्रमांक 37 में खेल मैदान विकास के लिए ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि आवंटन करने का आग्रह किया है। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त विभाग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, जिलाअध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, महापौर संजय पाण्डे, सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा सहित पार्षद उपस्थित रहे।

- गंगामुंडा तालाब को निखारने, दलपत सागर में एडवेंचर स्पोर्ट्स, महादेव घाट को खूबसूरत बनाने की है योजना

## गीदम नपं कार्यालय में मेले के आयोजन को लेकर हुई बैठक



- मेला समिति का किया गया गठन
- 3 , 4 व 5 मई को तीन दिवसीय मेले का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 18 अप्रैल।** गीदम नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को नगर में होने वाले तीन दिवसीय मेले के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई इस बैठक मेला समिति का गठन किया गया। बैठक में दन्तेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी समेत नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा , नपं उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नगर के वरिष्ठ कनिष्ठ नागरिकगण भी मौजूद रहे। बैठक में मेला समिति का अध्यक्ष नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा को बनाया गया वही उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता व मनकुराम लेकामी को बनाया गया। सचिव अंकित जैन, सहसचिव रजत दहिया, व अनिल काँगदेलवार को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष कृष्णा नाग, सहकोषाध्यक्ष सूरज सिंह, सोहन यादव, संयोजक अभिमन्यु सोनी, सह संयोजक अनिल जार्ज, सुनील जैन, वही सांस्कृतिक प्रभारी, अवधेश गुप्ता व फूलसिंह ठाकुर को बनाया गया। गौरतलब है कि आगामी 3 , 4 व 5 मई को तीन दिवसीय गीदम मेले का आयोजन होना है जिसके लिए नपं कार्यालय में बैठक कर मेला समिति का गठन किया गया। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल , नपं के पार्षदगण , सर्व आदिवासी समाज से बोमडाराम, नपं सीएमओ हुलसी प्रधान समेत नगर व आसपास के गांव के अन्य वरिष्ठ, कनिष्ठ नागरिकगण, ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे ।

## जब परंपरा बनी संविधान की आवाज़, और त्योहार बना चेतना का आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 18 अप्रैल।** बस्तर की मिट्टी में रचा गया एक ऐसा पर्व, जो सिर्फ बीज नहीं बोता – पहचान, अधिकार और पर्यावरण की चेतना भी उपजाता है। सुकमा जिले के मुरतोंडा ग्राम पंचायत में मनाया जा रहा बीज पंडुम अब सिर्फ एक कृषि पर्व नहीं, बल्कि संविधान, समाज और संस्कृति का मिलन बिंदु बन चुका है।

**परंपरा और अधिकार का अद्भुत संगम** -मुरतोंडा ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित यह बीज पंडुम एक आदर्श उदाहरण बन गया है कि किस प्रकार परंपरा, पर्यावरण चेतना, सामाजिक समानता और संवैधानिक जागरूकता एक साथ चल सकते हैं। यह केवल एक उत्सव नहीं, एक आंदोलन है - पहचान, अधिकार और प्रकृति के संरक्षण का।

ग्राम सभा द्वारा पेसा अधिनियम के तहत गाँव की सीमा में बाहरी आवाजाही पर नियंत्रण और टैक्स की परंपरागत व्यवस्था लागू की गई। यह न केवल सांस्कृतिक मर्यादा का पालन है, बल्कि स्थानीय स्वशासन का जीवंत उदाहरण भी।

**मुख्य सड़क बनी जन-जागरूकता की पट्टी**-ग्रामवासियों ने मुख्य सड़क पर डंडा लगाकर आने-जाने वालों से टैक्स लिया, लेकिन ये कोई रोकटोक नहीं थी – बल्कि संवैधानिक अधिकारों की समझ और कर्तव्यों की याद थी। हर राहगीर को सिर्फ नियमों की नहीं, आदिवासी आत्म-सम्मान और संविधान की जानकारी दी गई।



## मोर दुआर-साय सरकार का आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण

**सुकमा, 18 अप्रैल।** जिले में मोर दुआर-साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार करने हेतु यह सर्वे अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। द्वितीय चरण में, 20 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों में पारदर्शिता बनी रहे और योजना की जानकारी सीधे पहुंच सके। तृतीय एवं अंतिम चरण में, 29 व 30 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ सर्वे कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कर जिला स्तर पर प्रेषित किया जाएगा।



- जनप्रतिनिधियों ने ग्राम भ्रमण कर किया पीएम आवास का सर्वे

## नेहरू परिसर एवं झीरम शहीद मेमोरियल स्मारक का जीर्णोद्धार जल्द : पाण्डे

- 50 करोड़ की बनी कार्य योजना
- आवासीय एवं व्यवसायिक परिसर में होंगे वृक्षारोपण अनिवार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 18 अप्रैल।** नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक बुधवार को नगर निगम के एमआईसी कक्ष मे हुई जिसमें 50 करोड़ की कार्य योजना बनाई गई। बजट 2025 -26 का अवलोकन एवं अनुमोदन भी किया गया, जिसमें नेहरू परिसर एवं झीरम शहीद मेमोरियल स्मारक का जीर्णोद्धार होगा, जिसमें सड़क, पानी, नाली और बिजली जैसे बुनियादी मुद्दों के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर 57 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जगदलपुर नगर निगम के नए कार्यकाल की पहली एमआईसी बैठक में डॉ बी आर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण, बोधघाट थाना से कमिश्नर ऑफिस तक एवं एमपीएम हॉस्पिटल से एलआईसी रोड तक बीटी रोड चौड़ीकारण कार्य, नगर पालिक निगम जगदलपुर में विभिन्न जगहों पर पुलिया निर्माण, दलपत सागर का विकास एवं सौंदर्य करण,मुक्तिधाम से पावर हाउस चौक होते हुए लालबाग आमागुड़ा चौक तक चौड़ीकरण कार्य विभिन्न जगहों पर शेड निर्माण, सामुदायिक भवन, देवगुड़ी निर्माण,मातागुड़ी में शेड निर्माण कार्य, पेवर ब्लॉक कार्य, फेंसिंग बाउंड्रीवॉल कार्य, स्मार्ट क्लास रूम का अनुमोदन किया गया।एमआईसी बैठक में वीर सावरकर भवन, टाउन हॉल, सोलर हाई मास्क लाइट, सोलर स्ट्रीट लाइट एवं आवासीय भू खंड व्यवसायिक भूखंड में वृक्षारोपण करने संबंधी निर्णय लिया गया। इस बैठक में भवन अनुज्ञा लेते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनना तय हुआ नहीं बनने पर 50 हजार का जुर्माना तय किया गया एवं विभिन्न जगहों पर लगे टुल्लू पंप की जप्ती करने निर्देश दिया गया। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का संचालन करने हेतु 5 रूपये में भरपेट भोजन करवाने की व्यवस्था की गई। शासकीय टेरिस एवं एलईडी हेतु पूर्व में निर्धारित दर राशि को 10% बढ़ाई गई। महापौर संजय पाण्डे ने कहा प्रथम एमआईसी बैठक में 57 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में शहर की पानी की आपूर्ति को दुरुस्त करने के हेतु जरूरी कदम उठाने तथा सड़क पानी और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

## बचेली से किरंदुल तक सड़क निर्माण चढ़ रहा भ्रष्टाचार का भेंट



**बचेली, 18 अप्रैल।** पुराना मार्केट से पाड़ापुर ढाबा तक सड़क पर लगभग आठ सौ मीटर ठेकेदार ने गिट्टी बिछाकर छोड़ दी है। इस गिट्टी से अनियंत्रित होकर दो पहिया वाहन चालक प्रतिदिन दुर्घटना ग्रस्त व चोटहिल हो रहे हैं। सड़क निर्माण के नाम पर लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार व अधिकारी मापदंड व गुणवत्ता को नजरअंदाज कर रहे हैं। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहे हैं। नगरवासियों का कहना हैं कि दशकों बाद बन रही सड़क का नए सिरे से निर्माण होना था परंतु ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से पुरानी सड़क के ऊपर ही डामर की नई परत चढ़ाई जा रही है जो की नगर वासियों की समझ से परे हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से चल रहे इस निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी भी की जा रही है। स्थानीय लोगो के अनुसार सड़क निर्माण में बुनियादी मानकों का पालन नहीं हो रहीं है। ठेकेदार निर्माण कार्य मे घटिया किस्म की गिट्टी मुरुम की जगह दलदली मिट्टी और तारकोल की गुणवत्ता भी निर्धारित मापदंडों से काफी कम डाल रहे है। इस कमजोर सामग्री के कारण मामूली बारिश या भारी वाहनों के दबाव से सड़क के टूटने का खतरा बनी ही रहेंगी नगरवासियों ने विभागीय अधिकारियों को मौखिक रूप से कई बार इस मुद्दे से अवगत कराया है। लेकिन अधिकारि इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दे रहें हैं। इस उदासीनता से ठेकेदार और भी बेपरवाह हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सरकारी धन का खुला दुरुपयोग हो रहा है। अब स्थनीय लोग प्रशासन से शिकायत कर तत्काल जांच करवाने की बात कह रहें हैं।

- निर्माणाधीन सड़क में डल रही गुणवत्ताहीन गिट्टी
- सड़क के किनारे डाल रहे मुरुम की जगह दलदली मिट्टी

### नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के सफल क्रियान्वयन के लिए

# कलस्टर स्तरीय यूजर फीडबैक एंड सेनेटाइजेशन के लिए हुई संभागीय स्तरीय कार्यशाला

- उद्योगों को अधिकतम प्रोत्साहन देने हेतु नई औद्योगिक नीति में है विशेष प्रावधान
- बस्तर के लोगों हेतु रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने उद्योग-धंधों को मिलेगी सहायता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 अप्रैल।** बस्तर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के सफल क्रियान्वयन एवं यूजर्स की जागरूकता की दिशा में कलस्टर स्तरीय यूजर फीडबैक एंड सेनेटाइजेशन के लिए गुरुवार को कलेक्टोरेट जगदलपुर में आयोजित संभागीय स्तरीय कार्यशाला में विकसित बस्तर के लिए उद्योगों की भूमिका को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान वक्ताओं ने नई औद्योगिक नीति के तहत बस्तर संभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ खनिज आधारित, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन उद्योगों की असीमित संभावनाओं को साकार करने हेतु सकारात्मक पहल करने पर जोर देते हुए इस दिशा में राज्य शासन के सार्थक प्रयासों को सराहनीय निरूपित किया।

इस अवसर पर बस्तर चैंबर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री श्याम सोमानी ने कहा कि विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने हेतु उद्योग-धंधों का समग्र विकास जरूरी है। वर्तमान में बस्तर में उद्योगों के लिए आर्थिक



सहायता सहित भूमि बैंक, रेल, हवाई सेवा और सड़कों की बेहतर कनेक्टीविटी को प्राथमिकता देना आवश्यक है। साथ कि उद्योगो के लिए पानी की समुचित उपलब्धता के लिए कार्ययोजना बनाए जाना चाहिए। उन्होंने राज्य शासन द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहनीय निरूपित करते हुए आगामी दिनों में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स मीट के लिए स्थानीय उद्यमियों को शामिल करने सहित उद्यमियों के साथ हर तीन महिने में बैठक किए जाने का सुझाव दिया। कार्यशाला में उघु उद्योग भारती जगदलपुर के लिए अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि बस्तर में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के विकास की अपार संभावना हैं। स्थानीय स्तर पर कृषि एवं वनोत्पाद भी प्रचुर है जिससे मूल्य प्रसंस्करण के दिशा में भी व्यापक पहल किया जा सकता है। उन्होंने बस्तर के लोगों के आर्थिक विकास के लिए उक्त सेक्टरों पर आधारित लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। कार्यशाला के आरंभ में संयुक्त संचालक उद्योग श्री शिव राठौर ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बस्तर की ताकत इस्पात और पर्यटन है, साथ ही कृषि-वनोत्पाद और कौशल की अहम भूमिका भी है, इसे देखते हुए शासन उक्त दोनों सेक्टरों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों और अधिकारियों से विकसित बस्तर के लिए उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने हेतु अमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया। कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक श्री अजित बिलुंग ने बताया कि औद्योगिक विकास नीति में विकसित बस्तर की ओर का रोडमैप तैयार करने के लिए भूमि बैंक प्रबंधन को मजबूत करना और व्यापार को आसान बनाना समाहित है। स्थानीय उद्योगों (वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प) के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना, विशेष रूप से जनजातीय युवाओं और महिला उद्यमिता पर फोकस किया जा रहा है। इस्पात, धातु प्रसंस्करण, कृषि, वनोपज आधारित उद्योग और हर्बल-औषधीय उत्पादों के लिए क्लस्टर की स्थापना की जा रही है। ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में सभी मौसमों के लिए उपयुक्त सड़कों का निर्माण और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के साथ एकीकरण का काम हो रहा है। स्टार्टअप्स के लिए समर्थन हेतु नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही है।

# तेंदूपत्ता नीति के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने भैरमगढ़ में धरना-प्रदर्शन कर निकाली रैली




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 अप्रैल।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने प्रदेश के तेंदूपत्ता नीति के विरोध और जिले के विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर विशाल रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ को ज्ञापन सौंपा है।

धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार की ग़लत तेंदूपत्ता नीति के कारण पामेड़, कुटरू और भैरमगढ़ क्षेत्र सहित जिले के अनेक गांवो में निवास करने वाले ग़रीब आदिवासियों को तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 में तेंदूपत्ता तोड़ने नहीं दिया जा रहा है, भाजपा सरकार क्यों नहीं चाहती कि बीजापुर जैसे पिछड़े क्षेत्र का ग़रीब आदिवासी आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार का पालन पोषण करें, भाजपा सरकार की नीतियों से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार ग़रीब और आदिवासी विरोधी है इसलिए भाजपा सरकार हमेशा आदिवासी विरोधी नीतियां बनाती है ताकि आदिवासी हमेशा आर्थिक रूप से कमजोर और ग़रीब होता रहे। कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि भाजपा सरकार के समय बीजापुर जैसे आदिवासी जिले में साप्ताहिक बाजारों और 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने का काम किया था वहीं कांग्रेस की सरकार ने उस्परी जैसे गांवों में साप्ताहिक बाजार खोला, जिले में बंद पड़े सरकारी स्कूलों को दोबारा खोलने का काम किया है लेकिन भाजपा सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद फिर से उस्परी जैसे गांवों के साप्ताहिक बाजारों को बंद कर दिया गया और आदिवासी क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के दौरान खोले गए बंद स्कूलों को भाजपा सरकार द्वारा फिर से बंद कराया जा रहा है, भाजपा सरकार के ये ऐसे कार्य है जो भाजपा सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए पर्याप्त है। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने विधान सभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र ÷मोदी की गारंटी÷ का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने 2023 के विधान सभा चुनावों के दौरान कहा था कि सरकार बनने के बाद हर तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र में तेंदूपत्ता हितग्राहियों को तेंदूपत्ता का नगद भुगतान किया जाएगा, हर एक हितग्राही को चरण पादुका और तेंदूपत्ता का बोनस 4500/- रुपए प्रति मानक बोरा हितग्राहियों को दिया जाएगा लेकिन तेंदूपत्ता सीजन 2024 का बोनस 4500/- रुपए आज पर्यन्त तक किसी भी हितग्राही को नहीं दिया गया और न ही मोदी की गारंटी के तहत हितग्राहियों को चरण पादुका दिया जा रहा है। भाजपा सरकार अपने 2023 के चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में पूरी तरह फेल हो गई है। सभा को दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश और बस्तर संभाग का आदिवासी परेशान और पीड़ित है और अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ को सौंपे गए ज्ञापन में तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 में प्रति सौ गड्डी पर 700/- रुपए दिये जाने, तेंदूपत्ता संग्राहकों को भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र ÷मोदी की गारंटी÷ के तहत तेंदूपत्ता फड़ों में ही नगद भुगतान करने, ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी करने, वन अभ्यारण्य क्षेत्रों में सरकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण करने, जिन गांवों में तेंदूपत्ता फड़ नहीं है उन गांवों में नए तेंदूपत्ता फड़ खोलने, तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों के मानदेय में वृद्धि करते हुए भाजपा के अपने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी के तहत प्रतिवर्ष 25000/- प्रति फड़ मुंशियों को दिए जाने, बीजापुर जिले के पंचायतों में रोजगार नहीं मिलने के कारण जिले के ग्रामीण काम की तलाश में अन्य राज्यों को पलायन कर रहे हैं इसलिए ग्रामीणों की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों को ग्राम पंचायतों में ही रोजगार उपलब्ध कराये ताकि ग्रामीणों के पलायन को रोका जा सके, भीषण गर्मी को देखते हुए ।

## एक नजर

### नाबालिग लड़की की शादी पर लगी रोक



**बीजापुर, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री कांता कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा नियमित रूप से ग्राम पंचायतो में शिविर, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एवं स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाडी केन्द्र रानीबोदली कार्यकर्ता के माध्यम से बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका भारद्वाज, श्रीमती ललिता साहू, कु. पुष्पा गेंदुरे एवं श्री राजेश मडे, श्री जगत मलहोत्रा का टीम बनाकर ग्राम पंचायत रानीबोदली में परिवार वाले से गृहभेट किया गया। इस दौरान पाया गया कि बालिका की उम्र 17 वर्ष है, बालिका 9वीं की पढ़ाई करकर छोड दी है इस पर परिवार वालों को ग्रामीणजनो के समक्ष समझाया गया कि लडकी की उम्र 18 वर्ष से कम एवं लडका का उम्र 21 वर्ष से कम होने पर बाल विवाह की श्रेणी में आते है बाल विवाह एक कानूनन अपराध है बाल विवाह करने, कराने एवं शादी में सम्मलित होने वाले लोगों पर 2 वर्ष की सजा तथा जुर्माने का प्रावधान है। समझाईस के बाद परिवार वाले द्वारा बाल विवाह नही करने का वादा किया गया एवं बालिका की उम्र निर्धारित आयु पूर्ण करने पर ही शादी करने की बात कही गई। टीम द्वारा कार्यकर्ता को सजग रहने की बात बताते हुए परिवार वाले एवं ग्रामीणजनो को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए प्रेरित किया गया।बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, महिलाओं एवं किशोर-किशोरियों जागरूक किया जा रहा है, जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जिले में कार्यरत बीजादूतीर स्वयं सेवकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 या महिला हेल्प लाईन 181 पर भी सूचना दिया जा सकता है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

### प्रयास विद्यालय कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल 2025 को प्रात 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा आयोजित किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी वेबसाइट httpseklavya.cg.nic.inPRSMSStudent-admission-Detail से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। परीक्षार्थियों को अपना नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज दो फोटो, आधार कार्ड के साथ परीक्षा तिथि को प्रात 9 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षार्थी साथ में स्वयं का पानी बॉटल, काला, नीला बाल पेन, पेसिंल, इरेजर इत्यादि भी साथ लाएं। केन्द्र में केलकुलेटर, मोबाइल फोन, पर्स अथवा इलेक्ट्रानिक सामग्री पूर्णत वर्जित होगा। फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होने पर कार्यालय कलेक्टर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगों के लिए शिविर आयोजित

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को शासन की योजना का लाभ प्रदान करने एवं उनके सुविधा हेतु जिले के समस्त विकास खंड में क्लस्टर स्तर पर दिव्यांग जनों का चिन्हांकन एवं यूडीआईडी प्रमाणीकरण तथा सामाजिक सहायता अन्तर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत विकासखंड धरमजयगढ़ के कापू एवं विकासखंड मुख्यालय में, लैलूंगा विकासखंड मुख्यालय एवं मुडागाँव, घरघोड़ा विकास खंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं कुडुमकेला, तमनार विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में 17 अप्रैल को विकासखंड पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसका दिव्यांग जनों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लेते हुए शिविर का लाभ लिए। शिविर में जिले के चिकित्सकों की विशेष टीम एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों उपस्थित रहे। आगामी 22 अप्रैल को पुसौर विकास खंड के बड़ेभंडार के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में शिविर आयोजित किया जाएगा ।

# कलेक्टर ने बुजुर्ग महिला हितग्राही के घर पहुंच कर किया पीएम आवास सर्वे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 18 अप्रैल।** मोर द्वारा साय सरकार महाअभियान के तहत कलेक्टर दीपक अग्रवाल आज नहरगांव पहुंचे गरीब महिला के घर पहुंच कर आवास हेतु अपने मोबाइल से सर्वे फॉर्म भरा फोटो खींचकर अपलोड की और पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास जरूर मिलने की बात कही इस दौरान गांव के कई अन्य ग्रामीण भी अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर से मिले जिस पर उन्होंने त्वरित निदान किया।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोर द्वार साय सरकार महा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्लस 2.0 के पात्र हितग्राहियों के चिन्हांकन हेतु प्रदेशभर में चल रहे आवास सर्वेक्षण कार्य के दूसरे दिन गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मरकाम ने गरियाबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत नाहरगव में सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने स्वयं अपने मोबाइल से हितग्राही का सर्वे फॉर्म भरा और वर्तमान घर की स्थितियों के साथ हितग्राही गरीब बुजुर्ग महिला की फोटो खींचकर सॉफ्टवेयर में अपलोड भी कीया इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं सर्वेयरों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी पात्र परिवारों का सर्वे निर्धारित समय. सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जितना सटीक और समयबद्ध होगा, उतनी ही तेजी से वास्तविक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। ऊन्होंने हितग्राहियों के घर जाकर सर्वे की जानकारी ली तथा उन्हें योजना के उद्देश्य और लाभों के बारे में बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवास प्लस 2.0 के अंतर्गत किया जा रहा सर्वेक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और यह छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित है।

### कलेक्टर ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा अंतर्गत तैयार पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ आगामी 22 अप्रैल तक जिले के विभिन्न परियोजना में जाकर लोगों को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस पर विशेष ध्यान देने, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों के मोटापे की समस्या को रोकने हेतु खानपान एवं व्यवहार में परिवर्तन लाने जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके व्यापक जन जागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण रथ को रवाना किया गया है। पोषण रथ के लिए रूट का निर्धारण भी किया गया है। जिसके तहत 18 अप्रैल को घरघोड़ा, खरसिया, तमनार एवं रायगढ़ ग्रामीण, 19 अप्रैल को कापू एवं लैलूंगा परियोजना में पोषण रथ लोगों को जागरूक करेगा।

# सुशासन तिहार: कलेक्टर ने आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की



**रायगढ़, 18 अप्रैल।** सुशासन तिहार का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। अब लोगों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अधिकारियों से कहा कि सुशासन तिहार से मिले आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री कर दी गयी है। आवेदन को विषय वस्तु के आधार पर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। विभाग प्रमुख उन्हें मिले आवेदनों का निराकरण कर जानकारी ऑनलाइन अपडेट करते चलें। आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सबसे पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री गोयल ने आगे कहा कि विभाग कार्यालय स्तर से जिन आवेदनों को निराकृत कर सकते हैं, वह कर लें। जिनमें किसी प्रकार के परीक्षण या जांच की आवश्यकता है उसके लिए जल्द टीम गठित कर फील्ड निरीक्षण कर प्रतिवेदन मंगा कर कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विभागों से कहा कि उन्हें मिले आवेदनों को श्रेणी अनुसार बांट लें। सबके लिए जिला स्तर से मॉनिटरिंग के लिए नोडल बनाते हुए निराकरण करवाते जाएं। इससे काम व्यवस्थित तरीके से तेजी के साथ पूरा होगा।

बैठक में कलेक्टर श्री गोयल ने विभागों को मिले आवेदनों के बारे में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तर से सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव सहित अपर कलेक्टर द्वय श्री रवि राही व श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय एवं ज्वाइंट कलेक्टर्स व डिप्टी कलेक्टर की संयुक्त मॉनिटरिंग टीम बनाने के निर्देश दिए। जिसमें अधिकारियों को ऐसे विभाग जिन्हें निराकरण के लिए अधिक आवेदन मिले हैं, उसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने स्पष्ट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का दूसरा चरण प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए है। अत समय-सीमा के अंदर विभागों को मिले आवेदनों को निराकृत करें। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद, नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेन्दूपत्ता संग्रहण के पूर्व की तैयारी के लिए दिया कार्यशाला में जिला स्तरीय प्रशिक्षण



**गरियाबंद, 18 अप्रैल।** गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल की अध्यक्षता एवं संघ के प्रबंध संचालक लक्ष्मण सिंह के विशेष उपस्थिति में में आगामी तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन की तैयारियों के लिए आज जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गरियाबंद के ऑक्सन हॉल में किया गया। इस कार्यशाला में जिला यूनियन के संचालक सदस्य, समिति अध्यक्ष, प्रबंधक, जोनल अधिकारी, पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक, और फड़ मुंशी उपस्थित रहे।

### बूटा कटाई कार्य पूर्ण, संग्रहण की तैयारी जोरों पर

वनमंडल में बूटा कटाई का कार्य 02 से 13 मार्च के बीच सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। बूटा कटाई के 40-50 दिनों के भीतर तेन्दूपत्ता संग्रहण के लिए तैयार हो जाता है। छत्तीसगढ़ शासन ने इस वर्ष तेन्दूपत्ता, जिसे %हरा सोना% भी कहा जाता है, की खरीदी दर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की है। इस सीजन में लगभग 50 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक संग्रहकर्ताओं को वितरित किए जाने की संभावना है।

प्रशिक्षण में अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश कार्यशाला में उप प्रबंध संचालक श्री अतुल श्रीवास्तव ने तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से संग्रहण कार्य को पारदर्शी और कुशलतापूर्वक संपन्न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला यूनियन के अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल के साथ संचालक सदस्य दयाराम नागेश, श्री भुवल बघेल, श्री श्याम लाल सोरी, श्री डगेश्वर ओटी, श्री तिहार सिंह टेकाम, श्री मंशाराम बिसेन, और श्रीमती शशि नाग उपस्थित रहे। सभी ने संग्रहण प्रक्रिया को सुचारु बनाने और ग्रामीण संग्रहकर्ताओं को अधिकतम लाभ पहुंचाने हेतु अपने सुझाव और निर्देश साझा किए।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण- ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार

जिला तेन्दूपत्ता संघ के प्रबंधक सचालक लक्ष्मण सिंह ने अपने संबोधन में तेन्दूपत्ता की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में जब ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं, तब तेन्दूपत्ता संग्रहण ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य करने का आग्रह किया ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके।

### ऑनलाइन भुगतान प्रणाली लागू

लक्ष्मण सिंह ने बताया कि इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण का सम्पूर्ण भुगतान ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने सभी संग्रहकर्ताओं और संबंधित व्यक्तियों से अपनी समस्त जानकारी, जैसे बैंक खाता विवरण, अपनी समिति प्रबंधक को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। यह सुनिश्चित करेगा कि ऑनलाइन पोर्टल में पंजीकृत न होने वाले संग्रहकर्ताओं का नाम जोड़ा जाए और समय पर भुगतान सुनिश्चित हो।

### संग्रहण कार्य के लिए नियुक्ति पूर्ण

तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए जोनल अधिकारी, पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक, और फड़ मुंशियों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। ये सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर संग्रहण प्रक्रिया को गति देने के लिए तैयार हैं।यह प्रशिक्षण कार्यशाला तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन की सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। गरियाबंद वनमंडल के इस प्रयास से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि हजारों परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी। जिला वनोपज सहकारी संघ ने इस वर्ष संग्रहण प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, कुशल, और लाभकारी बनाने का संकल्प लिया है।

## खेल के प्रति रुचि बढ़ाने 229 बटालियन ने वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया



**बीजापुर, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ सेक्टर के द्वारा संचालित स्पोर्ट्स मेला के तहत सुद्रर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों हेतु वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य बीजापुर जिले के अतिसंवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय युवाओं के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना और स्थानीय जनता के साथ संबंधों को मजबूत करना है। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सेक्टर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल के निर्देशानुसार श्री डी.एस. नेगी डीआईजी रेंज बीजापुर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन में 229 बटालियन के परिचालनिक क्षेत्र से चयनित युवाओं की टीम ने भाग लिया। 17 अप्रैल 2025 को समापन अवसर पर फाइनल मैच 229 वीं वाहिनी की अपने ए.ओ.आर. क्षेत्र की युवा टीम एवं 170 वीं वाहिनी की अपने ए.ओ.आर. क्षेत्र की टीम के बीच हुआ। दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा एवं 229 वीं वाहिनी के ए.ओ.आर. की टीम ने 170 वीं वाहिनी की ए.ओ.आर. क्षेत्र की टीम को बैस्ट ऑफ श्री मैचों में 2-0 से पराजित किया। उपरोक्त प्रतियोगिता का आयोजन 153 वीं वाहिनी के कैम्प चिन्नाकोडेपाल में किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, उप महानिरीक्षक, रेंज बीजापुर थे। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 10000/- रुपये के नकद इनाम तथा उपविजेता टीम को 5000/-रुपये के नगद इनाम के साथ-साथ दोनों टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। । साथ ही उत्कृट खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 229 वीं वाहिनी द्वारा भी, वाहिनी की टीम को उनके उत्साह को बढ़ाये रखने के लिए भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्त्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 229 वाहिनी के मार्ग दर्शन व देख-रेख में श्री कुणाल कुमार उप. कमाण्डेंट, सहायक कमाण्डेंट व श्रीमती वर्षा अरूण शर्मा ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभाई ।

## इन्द्रावती टायगर रिजर्व क्षेत्र में घायल बाघ को उचित इलाज के रायपुर भेजा गया

**बीजापुर, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रामीणों से सूचना प्राप्त होने पर इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बीजापुर बफर के कक्ष क्रमांक 135 में एक नर बाघ घायल स्थिति में पिछले पैरों से लंगडाते हुए देखा गया। माननीय श्री केदार कश्यप जी मंत्री वन एवं जलवायु परितर्वन विभाग द्वारा शासन के मार्गदर्शन में श्री सुधीर अग्रवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.जी.) अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग. के आदेशानुसार श्री आर.सी. दुग्गा, मुख्य वन संरक्षक (व.जी.) एवं क्षेत्रीय निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व, जगदलपुर एवं श्री संदीप बलगा, उप निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर के नेतृत्व में दिनांक 16/04/2025 को पशु चिकित्सक, नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी एवं इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर के श्री संजय रौतिया, सहायक संचालक, श्री मनोज बघेल, अधीक्षक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर, श्री सुखदास नाग, अधीक्षक, पामेड़ अभ्यारण्य, श्री मोहन सिंह नायक, अधीक्षक, भैरमगढ़ अभ्यारण्य एवं वन अमले की संयुक्त रेस्क्यू टीम द्वारा घायल बाघ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू उपरान्त जांच में पाया गया कि घायल बाघ के पिछले दोनों पैर तार में फंसे हुए थे, जिसके कारण उसके दोनों पैरों में घाव हुआ है। पशु चिकित्सक द्वारा घायल बाघ का प्राथमिक उपचार किया गया। उसके पश्चात् उचित देखभाल एवं चिकित्सा के लिए जंगल सफारी, नवा रायपुर भेजा गया।बाघ को तार फंदे में फसाने के वन अपराध में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत् वन अपराध पी.ओ.आर. क्रमांक 2903/02 दिनांक 16/04/2025 को दर्ज किया गया है। घटना स्थल के आसपास सही तथ्यों का पता लगाया जा रहा है, तथा आरोपियों की पता की जा रही है। आरोपी पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।



## आवापल्ली क्षेत्र में विस्फोटक सहित 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कब्जे से टीफिन बम, वायरलेस सेट मय चार्जर, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर एवं प्रतिबंधित संगठन का पाम्पलेट बरामद। थाना आवापल्ली एवं केरिपु 229 वाहिनी की संयुक्त कार्यवाही । जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 17/04/2025 को थाना आवापल्ली से थाना एवं केरिपु 229/जी वाहिनी मुरदण्डा का संयुक्त बल बायगुड़ा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी।अभियान के दौरान बायगुड़ा के जंगल से विस्फोटक के साथ 03 सक्रिय माओवादियों को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से टीफिन बम, वायरलेस सेट मय चार्जर, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर एवं नक्सल पाम्पलेट आदि बरामद किया गया 1. जोगा मड़कम ( मिलिशिया सदस्य) पिता देवा मड़कम उम्र 40 वर्ष निवासी बायगुड़ा थाना आवापल्ली2.महेश बारसे (मिलिशिया सदस्य) पिता भीमा बारसे उम्र 28 वर्ष निवासी कोमटगुड़ा थाना आवापल्ली3. हेमला हड़मा ( मिलिशिया सदस्य) पिता देवा हेमला उम्र 28 वर्ष निवासी बायगुड़ा थाना आवापल्ली पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना आवापल्ली में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल



**बीजापुर, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत भैरमगढ़ परिसर में 12 मार्च 2025 को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना था। इस शिविर में चिन्हांकित 27 दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, साथ ही पात्रता के अनुसार उन्हें विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।वितरित उपकरणों में बैटरी चालित सायकिल, व्हील चेयर, स्वेत छड़ी, बैशाखी, वॉकिंग स्टिक, एमआर किट, दृष्टिबाधित किट तथा ट्राइसाइकिल जैसी उपयोगी सामग्री शामिल रही। यह कार्यक्रम सुशासन उत्सव के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री लच्छूराम मोड़ियामी, सामन्ति कश्यप, प्रीति आरकी, दसरी कोरसा, जितेन्द्र, मोतीराम कुशरामी, नीलों लेकाम, जमुना सकनी, चिन्ना तेलाम, बलदेव उरसा, सुनील दरसा, पोदिया राम हपका, पुनीत राम साहू तथा उप संचालक समाज कल्याण श्री कमलेश कुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्रभु की कृपा हो तो कुछ भी असंभव नहीं : प्रिया किशोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 18 अप्रैल।** ग्राम कोसमबुडा पर भागवत कथा में कथा के पंचम दिवस को कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे। कथा वाचिका श्रीधाम वृन्दावन से दीक्षित देवी प्रिया किशोरी जी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। गुरुवार को भागवत कथा में धूम धाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये।वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आये। कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर भक्त जमकर झूमे। बालकृष्ण जी की सुंदर झांकी भी बनाई गई थी। मार्गदर्शक पं. जितेन्द्र प्रसाद दुबे जी खम्हारिया, आचार्य पं. गिरजा शंकर तिवारी, मुलपाठ परायण करती देवी निशा किशोरी जी के द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन भंडारे की भी व्यवस्था रखी गई है, कथा में मुख्य यजमान गुलघर मरकाम सावित्री बाई, दुरोबाई मरकाम, कमल-ममताबाईमरकाम, उमेश्वर-सरिताबाई मरकाम, हुमेन्द्र-कुमला ध्रुवा, लक्ष कुमार, नेविदिता, कुसुम, रूद्र कुमार, ईशान, अजय, कुमारी अंजली, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष टोकेश्वरी मांझी, पूर्व सरपंच उमेंद्र सोरी, शंकर सचदेव, मोतीराम देवांगन, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, तनीश नेताम, पूर्वांश, रुद्रांशी, एलिका सिन्हा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, विनोद देवांगन, रुपेश शर्मा, नेमीचंद यादव, टंकेश्वर देवांगन, यूट्यूबर सोनू सिन्हा एवं भक्तगण मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### जिपं सदस्य शैल साहू ने दिया पंचायत सचिवों की हड़ताल को समर्थन




**तिल्दा नेवरा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा में सचिव संघ के हड़ताल के 32 वे दिन रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 सदस्य शैल महेंद्र साहू द्वारा हड़ताल का समर्थन कर हड़ताली पंचायत सचिवों के बीच समर्थन हेतु उपस्थित हुए और कहा कि आपका मांग जायज है आपका शासकीय करण मांग को शासन स्तर पर पहुंचाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव से मांग रखने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा के समस्त पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### यातायात विभाग ने कैम्प लगाकर किया आम नागरिकों को जागरूक



**सिमगा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज सिमगा यातायात अधिकारी हेमसागर सिदार, प्रवीण मिंज एवं थाना प्रभारी योगिता खापरडे ने संयुक्त रूप से कैम्प लगाकर आम नागरिको को यातायात की विशेष जानकारी दी। जिसमें हेमसागर सिदार ने आम नागरिकों को बताया कि नेशनल हाईवे रोड पर शराब पीकर वाहन का उपयोग न करें। माजदा, टेऊक्टर, छोथा हाथी जैसे वाहनों में सवारी ना ढोवे क्योंकि इससे जानमाल का खतरा बना रहता है। नाबालिक बच्चों के माता पिता अपने बच्चों को ना दे एवं हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलावे तत्पश्चात कुछ ग्राम वासियों ने यातायात विभाग के अधिकारियों से शिकायत की अवैध रेत उत्खनन के चलते ओवरलोड वाहनों की शिकायत करने के बाद भी उन पर कार्यवाही नहीं हो पाती एवं ओवरलोड रेत ट्रक पर तालपतरी नहीं ढकने के कारण हवा में उड़ने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नाबालिक युवकों द्वारा बेधड़क हाईवा व अन्य वाहन चलाते देखा जा सकता है। उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाये ताकि अंकुश लग सके।

### आपरेशन विश्वासः यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे 11 अप्रैल को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, चलने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 48 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 14, 400 समन शुल्क वसूला गया है। इस वर्ष 2025 में दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले कुल 2776 प्रकरण में 8, 09, 800 समन शुल्क वसूल किया गया है।

## एक नजर

### 2 आरोपियों के विरुद्ध प्रीवेंटिव डिटेंशन इन एनडीपीएस निवारक निरोध का आदेश पारित

**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 16 अप्रैल को PITNDPS Act के तहत आरोपी प्रदीप माण्डे एवं राज चौधरी को आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा 06 माह जेल में निरुद्ध करने का आदेश पारित किया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध PITNDPS प्रीवेंटिव डिटेंशन इन एनडीपीएस 1988 के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर, आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा आरोपियों के खिलाफ06 माह तक निरूद्ध रखने का आदेश पारित किया गया। आदेश पारित होने उपरांत दोनों आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है। आरोपियों के नाम प्रदीप माण्डे उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम दरचुरा थाना सिमगा, राज चौधरी उम्र 30 साल निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

### 80 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.04.2025 को थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम छतवन में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 16, 000 कीमत मूल्य का 80 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का अशोक प्रभाकर उम्र 56 साल निवासी ग्राम छतवन थाना राजादेवरी है।

### प्लेसमेंट कैम्प 23 अप्रैल को

**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 23 अप्रैल 2025 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक एक्सेट्रा ऑडनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल बलौदाबाजार द्वारा टीचर के 4 पद, स्पोर्टस टीचर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक/स्नातकोत्तर (अंग्रेजी में), डीएड/बीएड उत्तीर्ण, अनुभव 1 से 3 वर्ष, उम्र 22 से 40 वर्ष, वेतन 7 हजार से 10 हजार रूपये पद के अनुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अर्जुन मोटर्स बलौदाबाजार द्वारा सेल्समेन के 3 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण, उम्र 20 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 10 हजार रूपये, मैनेजर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव 5 वर्ष, उम्र 30 से 50 वर्ष, वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। दुर्गेश इंडस्ट्रियल सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा ऑफिसर के 5 पद, सुपरवाईजर के 10 पद. सेक्यूरिटी गार्ड के 20 पद शैक्षणिक योग्यता से 10वीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 6 वर्ष, वेतन 10 हजार से 22 हजार पद के अनुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर, भिलाई होगा। काइजेन मोटोवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड सरोना रायपुर द्वारा सेल्स ऑफिसर 10 पद, शैक्षणिक योग्यता बीए, बीकॉम, बीबीए उत्तीर्ण, उम्र 20 से 27 वर्ष, वेतन 15 हजार रूपये, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा।

**कलेक्टर ने ली संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**

# सुशासन तिहार : अधिकारी,कर्मचारी अपने-अपने विभागों के प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण करें : चन्द्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 18 अप्रैल।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के अंतर्गत अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तीन चरणों में संपन्न होने वाले सुशासन तिहार राज्य सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं विशेष प्राथमिकता वाले कार्य है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं असावधानी का बिल्कुल भी गुंजाईश नही है। बैठक में चन्द्रवाल ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों के संख्या के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, नूतन कंवर एवं अजय किशोर लकरा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु तत्काल कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उप संचालक समाज कल्याण विभाग से वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन आदि के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए इसके निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदकों को अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी को महतारी वंदन योजना के लाभ हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते समय इसके लिए निर्धारित पात्रता एवं दस्तावेजों का उचित परीक्षण कर इसका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्या से संबंधित मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को भी नियमित रूप से अपने-अपने सेक्टर में शामिल गांव का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने को कहा। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिला स्तर पर निराकरण होने योग्य प्रकरणों का निराकरण जिला स्तर पर करने तथा राज्य स्तर पर निराकरण होने योग्य प्रकरणों को तत्काल राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा आज अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से जानकारी ली। चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा आज जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न संस्थानों के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था में सुधार हेतु दिए गए निर्देशों के पालन हेतु तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी विभाग के अधिकारियों को दिए।

# शराब की अवैध बिक्री करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अलग-अलग मामलों में आरोपियों से 258 पाव देशी मसाला, अंग्रेजी गोवा व 10 लीटर महुआ शराब जब्त**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.04.2025 को थाना सिटी कोतवाली, भाटापारा ग्रामीण एवं चौकी करहीबाजार की पुलिस टीमों द्वारा ग्राम बिटकुली, करहीबाजार, गैतरा एवं दतरेंगा में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 05 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 32, 480 कीमत मूल्य का 258 पाव देशी मसाला/अंग्रेजी गोवा शराब एवं 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम मोक्ष वर्मा ग्राम गैतरा, करण धृतलहरे ग्राम बिटकुली, ओमन सेन ग्राम करहीबाजार, साहिल वर्मा ग्राम लटुवा, गोविंद साहू ग्राम दतरेंगा है।

### अवैध बोर खनन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, बोर वाहन जब्त




**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में अवैध बोर खनन पर कड़ी कर्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम निठोरा में बिना अनुमति के बोर खनन करते पाए जाने पर एसडीएम गिरौद आर. आर. दुबे की उपस्थिति में राजस्व की टीम ने बोर खनन बंद करवार बोर वाहन को जब्त किया गया। एसडीएम दुबे ने बताया कि ग्राम नि परमानन्द के द्वारा बिना पूर्व अनुमति के बोर खनन कराया जा रहा था जिसे मौके पर बंद कराया गया और वाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि गांव में सुव्यवस्थित पेयजल हेतु पी एच ई के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये गए है। इस दौरान तहसीलदार निवेश कोरेटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सीएमएचओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

■ **बायोमेडिकल वेस्ट का उचित प्रबंधन करने के निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में यह देखा गया कि बायोमेडिकल को जनरल वेस्ट में ही सम्मिलित कर दिया गया है जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित कर्मचारियों को सीएमएचओ ने फटकार भी लगाई और उचित प्रबंधन के निर्देश दिये। सीएमएचओ ने अस्पताल में वार्ड, प्रयोगशाला, फार्मेसी, प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। लैब में टीबी की जाँच बढ़ाने को कहा गया। जो अधूरे केस शीट थे उसे पूरा करने को कहा गया। ड्यूटी रजिस्टर बनाकर पीएनसी और आईपीडी वार्ड अलग करने, मितानिन की बैठक कर उन्हें दवाई देने तथा 20 बिस्तर वार्ड की साफ सफाई करने को भी सी एम एच ओ ने निर्देशित किया। इसके बाद विकासखंड सिमगा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिटकुली में चल रहे ऑनलाइन एनक्यूएएस एसेसमेंट में भी सीएमएचओ सम्मिलित हुए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी, प्रसव कक्ष और फार्मेसी में दी जा रही सुविधाओं को भी देखा तथा सन्तुष्टि ज़ाहिर की। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल, नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य डॉ.शशि जायसवाल, सलाहकार हर्ष लता जायसवाल तथा डीपीएनएचओ पारस सोनबर मौजूद थे।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा एवं एनकॉर्ड की बैठक हुई**

# ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपाय, मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री पर कड़ी निगरानी पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय सडक सुरक्षा एवं नार्को समन्वय समिति (एनसीओआरडी) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सोनी ने नये चिन्हित ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने तथा हेलमेट के लिए नियमित जांच एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने शारब एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध निर्माण एवं बिक्री पर संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए सभी नगरीय निकायों में अतिक्रमण मुक्त कराने अभियान चलाने के निर्देश दिये। निर्धारित वेंडिंग जोन में ही ठेला एवं गुमटियों को लगाने पर जोर दिया। उन्होंने रोड किनारे ढाबा संचालको द्वारा ढाबो में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के एक माह का फूटेज प्रत्येक माह एसडीएम कार्यालय में जमा कराने कहा। नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के लिए स्कूल शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया।

नवीन ब्लैक स्पॉट- वर्ष 2025 में 6 नवीन ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन किया गया है जिसमें थाना पलारी अंतर्गत गोड़ा पुलिया, कसडोल में हड़हा चौक, सिमगा में बनसांकरा, चंदेरी ओवर ब्रिज, दरचूरा, भाटापारा में खोखली शामिल हैं।

सरहनीय कार्य करने वाले होंगे पुरस्कृत - सड़क दुर्घना के दौरान घायलों को सहयोग करने में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को शासन द्वारा राशि प्रदान कर पुरस्कृत और प्रोत्साहित किये जायेंगे।

बताया गया कि जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक पुलिस विभाग द्वारा 7800 वाहनो पर चालानी कार्यवाही कर 70 लाख 10 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया गया है वहीं परिवहन विभाग द्वारा 5646 चालानों में एक करोड़ 4 लाख 89 हजार समझौता शुल्क की राशि प्राप्त किया गया। इसके साथ ही 95 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, सभी एसडीएम, जिला परिवहन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, सीएमएचओ सहित अन्य सम्बधित अधिकारी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.202504095300001
-अ/6 (अ)-वर्ष-2024-25

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश पिता मंथीर जाति तेली निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पारागांवखुर्द पटवारी हल्का नं. 15 में स्थित अपने शामिलात नाम की कृषि कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.038 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। राजस्व अभिलेख में खसरा 849/2 रकबा 0.017 हेक्टेयर भूमि त्रुटिपूर्ण दर्ज किया गया है। जबकि मेरे ऋण पुस्तिका में कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.542 हेक्टेयर भूमि दर्ज है एवं खसरा 849/2 रकबा 0.417 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। उक्त भूमि खसरा 849/2 रकबा 0.017 हेक्टेयर भूमि के स्थान पर संशोधित कर खसरा 849/2 रकबा 0.417 हेक्टेयर भूमि दर्ज किये जाने एवं पारागांवखुर्द पटवारी हल्का नं0 15 में स्थित अपने शामिलात नाम की कृषि खाता नं0 796 कुल खसरा 05 एवं खाता नं0 797 कुल खसरा 03 भूमि को समायोजित करने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.04.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-202408142400009
/अ-2/2024-25
साकिनः-चारामा, प.ह.नं. -06

**उद्‌घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदिका शांता नेताम पति मुन्नालाल नेताम, जाति गोंड़, निवासी ग्राम चारामा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1021/40 रकबा 0.03 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 24.04.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा,**
मुहर — **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

नि.आ.क्र./01/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.खण्ड/2025 — बीजापुर, दिनांक 15.04.2025

**-::संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना::-**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर जिला बीजापुर में छत्तीसगढ़ क्रय एवं भण्डार अधिनियम का पालन करते हुए निम्नलिखित सामग्री क्रय हेतु मुहरबंद निविदाएं फार्म-सी में आमंत्रित की जाती है।

**सामग्री का विवरण-** उपखण्ड बीजापुर के अंतर्गत स्थापित हैण्डपंपों के संचालन एवं संधारण के लिए सामग्री क्रय कार्य।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 01 के अनुसार) | 5.00 |
| 2 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 02 के अनुसार) | 6.45 |

**नोटः-** उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम **तिथि 24.04.2025** है। साथ ही निविदा कार्यों की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बीजापुर**

जी-25600339/3

## एक नजर

### पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष को बधाई



**रायपुर, 18 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधि मंडल ने नीलू शर्मा को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अमर पारवानी जी ने उनसे मुलाकात करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### वेदांता ने हासिल की नई उपलब्धि



**रायपुर, 18 अप्रैल।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े एक्सट्रूडर और एल्युमीनियम उत्पादों के वितरक, कैप्रल एल्युमीनियम को अपना पहला एल्युमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) चेन ऑफ कस्टडी (सीओसी)-प्रमाणित एल्युमीनियम शिपमेंट देकर एक वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। यह आपूर्ति एक ऐतिहासिक घटना है और यह दायित्वपूर्ण उत्पादन के लिए वेदांता की प्रतिबद्धता को पुख्ता करती है। वैश्विक स्तर पर सस्टेनेबल एल्युमीनियम वैल्यू चेन को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। वेदांता एल्युमीनियम ने अपनी सस्टेनेबल पहलों को एएसआई के कठोर मानकों के अनुरूप करने के लिए दो साल की सक्रिय भागीदारी के बाद 2024 के अंत में एएसआई सीओसी प्रमाणन प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य विपणन अधिकारी, आलोक रंजन ने कहा, ''स्थायित्व वेदांता एल्युमीनियम के व्यावसायिक दर्शन के केंद्र में है, और एएसआई सीओसी प्रमाणन प्राप्त करना दायित्वपूर्ण एल्युमीनियम उत्पादन की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक क्षण का प्रतिनिधित्व करता है।

### टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष ने की योजनाओं की समीक्षा



**रायपुर, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने पदभार ग्रहण के पश्चात पहली बार बोर्ड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ परिचय व समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की पर्यटन संबंधी योजनाओं, आगामी परियोजनाओं तथा विभागीय उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभाग की अब तक की उपलब्धियों, संचालित योजनाओं एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। नीलू शर्मा ने अपने संबोधन में सफल पदभार ग्रहण कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी तथा विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पर्यटन क्षमता को और अधिक सशक्त व व्यापक बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस बैठक में टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष, प्रबंध संचालक, महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंध समस्त शाखा प्रमुख एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक उपरांत श्री शर्मा ने विभिन्न शाखाओं में जाकर कर्मचारियों से चल रहे कार्यों की जनकारी ली।

# पीएससी परीक्षा में करप्शन टूरिज्म: चौधरी

■ हर दोषी को सजा तथा युवाओं को न्याय दिलाना हमारा संकल्प : ओपी



**रायपुर, 18 अप्रैल।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सीजीपीएससी घोटाले मामले में सीबीआई की छापेमारी की कार्रवाई तथा लगातार केंद्रीय एजेंसियों पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस पर हमला बोला है. उन्होने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में करप्शन टूरिज्म हुआ है. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि क्या कांग्रेस अपने सरकार के मुखिया से पूछेंगे कि हो क्या रहा था? हैरानी है कि रिसोर्ट में बैठाकर सीजीपीएससी का पेपर सॉल्व कराया जा रहा था. ऐसे युवा सिस्टम में घुसकर पूरे विभाग को बर्बाद करते हैं. छत्तीसगढ़ के होनहार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया था. कांग्रेस के शासन काल में करप्शन टूरिज्म हुआ है. छत्तीसगढ़ में सीपीएससी घोटाले में सीबीआई की जांच जारी है. गुरुवार को केंद्रीय जांच एजेंसी ने रायपुर और महासमुंद में 5 ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें कई अहम दस्तावेज मिले. छापेमारी कार्रवाई में हुए खुलासे ने प्रदेश की सियासी में उबाल ला दिया है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सीबीआई की कार्रवाई के बाद बड़ा बयान दिया है.

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सीजीपीएससी घोटाले में सीबीआई की छापेमारी के बाद कहा कि किसी मां-बाप ने खेत बेचकर फीस भरी थी, किसी ने सपनों में अफसर बनकर घर संवारा था. लेकिन दलालों और भ्रष्टाचारियों ने सब कुछ लूट लिया. सीजीपीएससी घोटाले की जांच में हर दिन माफियाराज के नए चेहरे बेनकाब हो रहे हैं. हमारा संकल्प है घोटाले के हर दोषी को सजा और हर युवा को न्याय दिलाना. बता दें कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाले की जांच में बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर और महासमुंद में एक साथ पांच ठिकानों पर छापेमारी की. इस छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और तकनीकी साक्ष्य जब्त किए गए हैं. सीबीआई ने रायपुर के फूल चौक स्थित एक निजी होटल, सिविल लाइन इलाके के एक कोचिंग सेंटर और महासमुंद में एक सरकारी डॉक्टर के आवास पर दबिश दी. इसके अलावा महासमुंद में अभ्यारण्य गेस्ट हाउस और एक अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की गई है. कांग्रेस प्रवक्ता **सुशील आनंद** शुक्ला ने कहा है कि कही कुछ गलत है तो जांच होने चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर कार्रवाई कर रही है।

### नक्सलियों में मची खलबली: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

बीजापुर में 22 नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों की दो श्रेणियों में इस समय काफी ज्यादा खलबली मची हुई है. जिन लोगों को पहले बंदूक के दम पर डराकर, धमकाकर नक्सल संगठन में शामिल किया गया था और पद भी दिए गए थे, अब वे स्वयं को स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं और स्वेच्छा से पद छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं.

# कुत्ता खरीदने नहीं दिए पैसे तो बेटे ने की मां की हत्या, पत्नी को भी मारा

**रायपुर, 18 अप्रैल।** थाना उरला क्षेत्र के नागेश्वर नगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक सनकी पुत्र ने कुत्ता खरीदने के लिए पैसे नहीं देने पर अपनी मां की हथौड़ी से वार कर हत्या कर दी और पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद आरोपी फरार है, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. उरला पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रदीप देवांगन (45) पिता जगन्नाथ देवांगन, जो पेशे से ई-रिक्शा चालक है, अपनी मां गणेशी देवांगन (70) से कुत्ता खरीदने के लिए 200 रुपये मांग रहा था. मां द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर विवाद बढ़ गया. गुस्से में आकर प्रदीप ने पास पड़े हथौड़े से अपनी मां पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं. इसके बाद उसने अपनी पत्नी रामेश्वरी देवांगन (35) पर भी हमला कर दिया.

**बच्चे ने बचाई जान**– आरोपी के 15 वर्षीय बेटे ने हिम्मत दिखाते हुए हथौड़ा छीन लिया और पास में भागकर आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी. लोगों के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया. घायल मां को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. पत्नी रामेश्वरी देवांगन का इलाज जारी है, और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# तालाब की भूमि पर अतिक्रमण रोकने कलेक्टर को ज्ञापन



**रायपुर, 18 अप्रैल।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टिकरापारा में प्राचीन सरजूबांधा तालाब में एक बार फिर अतिक्रमण किया जा रहा है । उमंग कॉलोनी टिकरापारा के पीछे से तालाब के किनारे को लगभग चालीस - पचास फीट पाटकर वहां सड़क निर्माण कार्य हो रहा है । सैकड़ों ट्रैक्टर मलबा डालकर तालाब को पाटने का काम लगातार हो रहा है।

सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कलेक्टर श्री गौरव सिंह को ज्ञापन देकर तालाब में किए जा रहे अतिक्रमण और शासकीय निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि नियम कानून के खिलाफ जल भूमि में निर्माण हेतु यदि कोई शासकीय स्वीकृति हुई तो उसे तुरंत निरस्त किया जाए।

कलेक्टर से चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने बताया कि तालाब में लगातार मलबा डालकर तालाब के क्षेत्रफल को कम किया जा रहा है ,सैकड़ो ट्रैक्टर मलबा अभी तक डाला जा चुका है। तालाब के जल स्त्रोत से लगभग 50 मीटर तक की भूमि पर मलबा डालकर उसे जल विहीन बताने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तालाब के किनारो से 20 मीटर की दूरी तक किसी तरह का कोई निर्माण नहीं किया जा सकता है उसके बावजूद नियम कायदों को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है। संबंधित जोन कमिश्नर बयान देते हैं की दलदली भूमि को काटकर सड़क बनाई जा रही है इससे यह स्पष्ट होता है की जल भूमि पर अतिक्रमण का कार्य राजस्व विभाग पर्यावरण विभाग नगर निगम सब की सहमति से हो रहा है। जिले के मुखिया से हमारा निवेदन है कृपया जल स्त्रोत को बचाने के लिए पर्यावरण को बचाने के लिए तालाब में हो रहे अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश जारी करें साथ ही शासन के सभी विभागों से तालाब को बचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें। शासन से यदि किसी तरह की कोई योजना स्वीकृत करके निर्माण कार्य हो रहा है तो वह कार्य नियम कानून से हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा आपके माध्यम से की जानी चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में सत्यमेव जयते फाउंडेशन के शहर अध्यक्ष मनोज पाल, मोहम्मद सिद्दीक, राजेश त्रिवेदी ,शरद गुप्ता, देवेंद्र पवार, राज देवांगन एवं अतुल रघुवंशी शामिल थे।

# मुख्यमंत्री साय ने मंत्रिमंडल के साथ देखी 'सुहाग'



**रायपुर, 18 अप्रैल।** फिल्म 'सुहाग' की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन राजधानी में किया गया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने मंत्रिमंडल के साथ फिल्म देखी। मुख्यमंत्री ने फिल्म को देखने के बाद अभिनेता और विधायक अनुज शर्मा के अभिनय की जमकर प्रशंसा की और फिल्म को छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का जीवंत चित्रण बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा, फिल्म 'सुहाग' के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारिवारिक संबंधों की गरिमा और सामाजिक मूल्यों को सुंदर ढंग से दर्शाया गया है। विधायक अनुज शर्मा ने अपने किरदार को जिस सहजता और गहराई से निभाया है, वह उनकी अभिनय क्षमता और छत्तीसगढ़ से उनके जुड़ाव को दर्शाता है। उन्होंने एक सच्चे छत्तीसगढ़िया होने का फर्ज़ इस फिल्म में निभाया है।

इस विशेष अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रदेश के सांसदगण, विधायकगण, नवनियुक्त निगम मंडल अध्यक्षगण, तथा धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। फिल्म 'सुहाग' 18 अप्रैल से पूरे छत्तीसगढ़ में 70 स्क्रीनों पर एक साथ प्रदर्शित हो रही है।

# भीषण गर्मी में स्कूल बुलाना मासूमों पर अत्याचार

**रायपुर, 18 अप्रैल।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के स्कूलों को बंद करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार तत्काल प्रदेश के स्कूलों को बंद करें, मासूम बच्चों को गर्मी से राहत दे, ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा करें। प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह 8:00 बजे से ही लोग तेज धूप के चलते घर से बाहर निकलना बंद कर दिए हैं। ऐसे में स्कूलों में बिना पंखा, कूलर, पीने की पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के बाद स्कूल चालू रखना अमानवीय है। तेज गर्मी के चलते बच्चों के सेहत पर प्रभाव पड़ रहा है, बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे है। पालक एवं शिक्षक भी परेशान हो रहे हैं। पालक, शिक्षक और बच्चों की पीड़ा को वातानुकूलित कमरे में बैठे मंत्री एवं अधिकारी अनदेखा कर रहे है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, पढ़ाई में पिछड़ने का डर दिखाया जा रहा है। सरकार जोर जबरदस्ती मासूमों को बुला कर अत्याचार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन पालकों और बच्चों की समस्याओं का सुध लेने वाला कोई नहीं है। पालक और बच्चे आखिर किसके पास जाकर अपनी समस्या को रखें। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती है भीषण गर्मियों को देखते हुए तत्काल स्कूल बंद किया जाए।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायपुर, 18 अप्रैल।** ग्राम मोहरेंगा स्थित एशियन टाईल्स कंपनी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोहरेंगा निवासी मृतक तेजस्वी धीवर 20 वर्ष अपने दोस्त नवीन कुमार गायकवाड़ 17 वर्ष के साथ बाइक में कहीं जा रहा था, तभी एशियन टाईल्स कंपनी के पास कार क्रमांक सीजी 04 एमके 1235 के चालक ने टक्कर मार दी।

# व्यापारिक हित में लिए गये निर्णय के लिए सरकार का आभार

**रायपुर, 18 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी एवं मंत्री परिषद को व्यापारिक हितों में लिए गये निर्णय हेतु आभार व्यक्त किया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एव शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का होगा व्यापक सर्वे



**रायपुर, 18 अप्रैल।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्य में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए प्रदेशभर में 15 दिवसीय मोर द्वार साय सरकार महा अभियान की घोषणा की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर कल्पना तिवारी जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगी और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों, पात्र हितग्राहियों के चयन और योजनाओं की पारदर्शिता का निरीक्षण करेंगी। कल्पना तिवारी ने कहा ÷जब झोपड़ी में रहने वाला गरीब परिवार पक्के मकान में शिफ्ट होता है और उसके चेहरे पर जो मुस्कान दिखाई देती है, वही हमारे लिए असली पूंजी होती है। यही सरकार की असली उपलब्धि है– गरीबों के जीवन में बदलाव और आत्मसम्मान लौटाना। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य उन ग्रामीण परिवारों की पहचान करना जिन्हें अब तक किसी भी योजना के अंतर्गत पक्का मकान नहीं मिला है। पात्र हितग्राहियों का चयन कर उन्हें जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाना। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय से निर्माण कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करना। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने सभी जिला पंचायत सदस्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लें और एक भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। साथ ही, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंतिम रिपोर्ट की समय-सीमा यह महा अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसके अंतर्गत सभी सर्वेक्षण पूर्ण कर ग्राम सभा से स्वीकृति और सत्यापन के पश्चात अंतिम सूची तैयार की जाएगी। इस अभियान के तहत कल्पना योगेश तिवारी का जन-सेवा भाव, जमीनी जुड़ाव और प्रशासनिक सक्रियता बेमेतरा जिले के ग्रामीण विकास में नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# पक्षियों के लिए दाना-पानी फीडर का वितरण

■ 19 अप्रैल से घुमन्तू पशुओं के लिए हरी सब्जियों व चारा वितरण का शुभारंभ

**रायपुर, 18 अप्रैल।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी का 8 वां ध्वजा महोत्सव 19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक मनाया जावेगा । जिसमें 3 दिनों तक जीव दया के प्रकल्प होंगे । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि मूक पक्षियों के लिए आधुनिक दाना फ़ीडर व पानी फ़ीडर व प्लास्टिक सकोरे का वितरण 19 अप्रैल से किया जावेगा । जिसे घर की छत पर या बाल्कनी में आसानी से रखा व टांगा जा सकता है और स्वच्छता के साथ पक्षियों के दाना पानी दिया जा सकता है । ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने आगे बताया कि ध्वजा महोत्सव के अवसर पर पक्षियों के लिए नवीनतम दाना फ़ीडर का वितरण किया जावेगा । प्रथम चरण में 100 नग दाना फ़ीडर गुजरात से मँगाए गए हैं । ये आकर्षक व सुविधाजनक हैं , जिसका स्वच्छता के साथ उपयोग किया जा सकता है तथा इसमें रखे दाने खराब भी नही होंगे । इसके साथ में पानी रखने के लिए वॉटर फ़ीडर व प्लास्टिक के सकोरे वितरित किए जावेंगे । जिन्हें छत पर , बाल्कनी में या गार्डन में रखा जा सकता है । ट्रस्टी टीकम जैन व जय सांखला ने बताया कि 19 अप्रैल से सार्वजनिक पशु आहार गौशाला में घुमन्तु पशुओं के लिए हरी सब्जियां व चारा वितरण कार्यक्रम का आरम्भ किया जावेगा।

## टैंकर मुक्त रायपुर शहर के दावे खोखले

# पेयजल संकट पर दीप्ति दुबे चिंतित



**रायपुर, 18 अप्रैल।** महापौर के रूप में चुनाव लड़ीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने भीषण जल संकट को लेकर नित्य नए प्रयोग के चलते लोगों को पानी नहीं मिलने पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अभी से 300 ट्रिप टैंकर चलाया जाना सिस्टम पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं टैंकर मुक्त रायपुर शहर को किए जाने के दावे भी खोखले नजर आ रहे हैं, दीप्ति प्रमोद दुबे ने कहा कि जनरेशन तो प्रॉपर है जिसके तहत 295 एमएलडी पानी दिया जा रहा है जबकि वास्तव में शहर को 250 एम एल डी पानी की जरूरत है फिर 40 लाख लीटर पानी प्रतिदिन कहां जा रहा है इस पर कोई गंभीरता दिखाई नहीं देती। दीप्ति प्रमोद दुबे ने कहा है कि कहीं ना कहीं डिस्ट्रीब्यूशन की गलती को सुधारने की आवश्यकता है साथ ही इंटर कनेक्शन में भी भारी मात्रा में गलती है ,सदर बाजार ब्राह्मण पारा,टिकरापारा,रामकुंड राजातालाब जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में इतनी ज्यादा डुप्लीकेसी है तीन-तीन लाइन में पानी जा रहा है जबकि यह सभी अधिकारियों को ज्ञात है की पुरानी लाइन को जब तक काटा नहीं जाएगा नई लाइन में प्रेशर नहीं बन सकता ।दीप्ति दुबे ने कहा है की डिस्ट्रीब्यूशन के लिए अलग से टीम बनाये जाने साथ ही उनके पास पुरे नक्शे के साथ मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता है,,,दीप्ति दुबे ने कहा है कि मिस मैनेजमेंट के चलते आज 40त्न लोगों को टैक्स पटाने के बावजूद पानी नहीं मिल पा रहा है जरूरत से ज्यादा वॉल्व लगाने के कारण टैगोर नगर पंजाबी कॉलोनी आरएमएस कॉलोनी और राजातालाब सहित कई स्थानों पर फोर्स के साथ पानी मिल पा रहा है,, पूर्व में इन सभी स्थानों पर एक वॉल्व के ऑपरेशन से पानी मिल जाता था। अकेले टैगोर नगर में पानी देने के लिए पांच वाल्व को ऑपरेट करेंगे तब कहीं जाकर उसे क्षेत्र को पानी मिलेगा अब प्रश्न यह है की पांच वॉल्व को 2 टाइम ऑपरेट कौन करें। दीप्ति दुबे ने मीनल चौबे से आग्रह किया है कि हर टंकी का वाटर आडिट कराए जिससे प्रत्येक टंकी से कितने मकान को पानी जा रहा है,, कितनों को नहीं जा रहा है और कितने स्थान तक फोर्स से पानी वितरित हो रही है इसकी जानकारी मिल पाएगी। अभी तक हाल यह है की अमृत योजना में पाइप लाइन के ड्राइंग डिजाइन मुख्यालय से देकर पाइपलाइन डलवा ली गई अब जोन से सुधारने को कहा जा रहा है कैसे संभव है। अतः जिस समय पाइपलाइन डाली गई थी उसे समय जितने लोगों से मॉनिटरिंग करवाई गई थी उन्हीं लोगों को जोन के माध्यम से जिम्मेदारी दिए जाएंगे तब जाकर हालात कुछ ठीक हो पाएंगे, साथ ही दीप्ति दुबे ने कहा है कि अभी तक अमृत योजना की किसी भी स्थान में ऑटोमेटिक स्काडा सिस्टम काम नहीं कर रहा है जबकि डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में श्च रू स्न लगा है वह अभी कार्य नहीं कर रहा है जिससे यह जानकारी होती है की कितना प्रेशर से पानी किन स्थानों तक पहुंच रहा है उसे भी अगर तत्काल ठीक कर लेंगे तो काफी कुछ गलतियां पकड़ में आ सकती हैं। शायद मीनल चौबे को अधिकारियों ने यह भी नहीं बताया होगा कि माना में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में कुछ दिनों में रायपुर से पानी दिया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसके चलते देवपुरी, डूमरतराई में पानी का संकट गहराएगा।

# पेयजल को लेकर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने ली बैठक



**रायपुर, 18 अप्रैल।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील कुमार सोनी ने दक्षिण विधानसभा के जोन अध्यक्षों एवं पार्षदों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति नियमित रहने के निर्देश दिये। विधायक सोनी ने पार्षदों से वार्डवार विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। पार्षदगणों ने अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं पर भी चर्चा कर सुझाव दिये। बैठक में उन्होंने आगामी माह की तैयारी रखने के निर्देश दिये, विशेषकर पेयजल की समस्या कहीं ना हो, इस हेतु विशेष तैयारी करने के साथ-साथ पानी टंकी के भराव, रजिस्टर संधारण इत्यादि के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि रायपुर शहर के सभी वार्डों में पानी की नियमित सप्लाई होनी चाहिए और पार्षदगण इसकी समय-समय पर जांच करते रहें, किसी भी वार्ड में पानी की किल्लत ना हो। वार्ड स्तर पर पानी के प्रेशर, पाईपलाईन, मरम्मत इत्यादि से संबंधित समस्याओं को समय रहते पूरा किया जावे। इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम सभापति सूर्यकांत राठौड, एमआईसी सदस्य जलकार्य विभाग संतोष साहू, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्रीप्रसाद गुप्ता, जोन अध्यक्ष 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षदगण दुर्गा यादराम साहू, श्रीमती अंजली गोलछा, श्रीमती स्वपनिल मिश्रा, श्रीमती संजना हियाल, प्रमोद कुमार साहू, अजय साहू, रमेश सपहा, रवि सोनकर सहित अन्य पार्षदगण उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26